गैरसैंण,सोमवार
8 जुलाई 2024
वर्षः 16
अंकः 71 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

हरिद्वार–नजीबाबाद राजमार्ग पर आग का गोला बनी कार, जाम लगा

हरिद्वार। हरिद्वार–नजीवाबाद राजमार्ग पर उस समय अफरातफरी मच गई जब एक चलती कार में आग लग गई। चालक ने बीचोंबीच सड़क में कार रोककर अपनी जान बचाई। कार में आग लगने से राजमार्ग पर जाम लग गया। आनन फानन में पहुंचे दमकलर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी।घटना रविवार शाम करीब पांच बजे हुई। अमरोहा यूपी से एक कार चालक देहरादून जा रहा था। जैसे ही वह चंडीदेवी मंदिर रोपवे से आगे पहुंचा उसकी कार के बोनट से धुंआ निकलने लग गया। देखते ही देखते कार ने आग पकड़ ली। चालक ने तुरंत ही कार को बीच सड़क में रोक दिया, जिसके बाद वह सुरक्षित स्थान पर पहुंच गया। राजमार्ग पर कार में आग लगने से अफरातफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते दोनों तरफ चौपहिया वाहन की लंबी लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर मायापुर फायर स्टेशन से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, उसके बाद कार में लगी आग पर काबू पाया गया। आग बुझा लेने तक कार पूरी तरह से स्वाहा हो चुकी थी। आग बुझा लेने के बाद श्यामपुर पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारू कराने में मशक्कत करनी पड़ी। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि कार पूरी तरह से जल चुकी थी। चालक सुरक्षित है।

देवघर में तीन मंजिला इमारत हुई जमींदोज, मलबे में दबे कई लोग–रेस्क्यू जारी, सूरत हादसे में अब तक 7 की मौत

देवघर ,गुजरात के सूरत के बाद अब झारखंड के देवघर में एक तीन मंजिला बिल्डिंग गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। मलबे से 3 लोगों को बाहर निकाला गया है। इन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे में कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू कार्य जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे, देवघर के उपायुक्त, एसपी समेत जिले के कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारी राहत और बचाव कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शहर के सीता होटल के समीप यह तीन मंजिला इमारत था।स्थानीय लोगों ने बताया कि बिल्डिंग तेज धमाके के साथ अचानक गिरी। फिर वातावरण में चारों ओर धूल ही धूल दिखाई देने लगा। लोग भागे–भागे मौके पर पहुंचे। तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची. बचाव कार्य जारी है। इन दिनों देवघर में जमकर बारिश हुई है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि पुराना मकान होने की वजह से यह गिर गया। पुलिस ने बताया कि घायलों से हादसे की जानकारी ली गई है।

इससे पहले शनिवार को गुजरात के सूरत में एक पांच मंजिला इमारत गिर गई। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर रात भर रेस्क्यू टीम मलबे को हटाती रही।एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

गाजा स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में 16 की मौत

गाजा ,फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा है कि गाजा पट्टी में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं, साथ ही इस हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। घायलों की संख्या कम से कम 75 बताई गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इमारत में हजारों विस्थापित लोग रह रहे थे।

शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि वायुसेना ने सेंट्रल गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के अल–जौनी स्कूल के क्षेत्र में स्थित इमारत में रह रहे कई आतंकवादियों पर हमला किया। यह स्थान आतंकवादियों के छिपने की जगह थी। इसका उपयोग आईडीएफ सैनिकों पर हमले के लिए किया जा रहा था। आईडीएफ ने आगे कहा कि हमले से पहले नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए, जिसमें सटीक हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी का उपयोग शामिल था।

सब्जियों की कीमतों में उछाल, टमाटर हुआ और लाल, प्याज ने निकाले आंसू

देहरादून। बारिश में आवक कम होने से सब्जियों की कीमतों में उछाल आ गया है। टमाटर का भाव फुटकर बाजार में दोगुना पहुंचने के साथ 80 रुपये किलो हो गया है। अन्य सब्जियों के दामों में भी वृद्धि होने से उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।फुटकर बाजार में कुछ दिन पहले तक 40 से 50 रुपये तक बिकने वाला टमाटर अब 80 रुपये किलो पहुंच गया है। आलू भी 40 रुपये किलो बिक रहा है। अन्य सब्जियों के दामों में भी उछाल आने से उपभोक्ताओं की रसोई का बजट बिगड़ रहा है। निरंजनपुर मंडी सचिव विजय थपलियाल ने बताया कि बंगलूरू और महाराष्ट्र से टमाटर की आवक काफी कम हो रही है। इसकी वजह से टमाटर महंगा हो गया है। मंडी सचिव ने बताया कि अन्य सब्जियों की आवक पर भी बारिश का असर पड़ा है।

10 दिनों में दाम कम होने की संभावना

निरंजनपुर मंडी सचिव विजय थपलियाल ने बताया कि बंगलूरू और महाराष्ट्र से नई टमाटर की फसल आगामी 10 दिनों में तैयार हो जाएगी। बारिश कम होते ही आवक बढ़ने से कीमतें गिरने लगेंगी। यूपी और अन्य जगहों से भी बारिश कम होते ही आवक बढ़ने की उम्मीद है।

सब्जियों के दाम

सब्जी	थोक	फुटकर
आलू	24–25	40
टमाटर	40	80
प्याज	35	60
लहसून	20–150	240
फ्रेंच बीन्स	60	20
भिंडी	25	40
शिमला मिर्च	40–50	80
अदरक	150	240

आदिबदरी के पास कार खाई में गिरने से दो महिलाओं की मौत

चमोली।शनिवार रात को कर्णप्रयाग–रानीखेत हाईवे पर आदिबदरी के पास एक कार गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज उप जिला अस्पताल कर्णप्रयाग में किया जा रहा है।

वाहन में सवार लोग आपस में रिश्तेदार और पारिवारिक सदस्य हैं। वे रूड़की से सगाई समारोह में शामिल होकर कांसुवा गांव आ रहे थे। दुर्घटना का कारण सड़क पर घना कोहरा होना बताया जा रहा है। दुर्घटना में 80 वर्षीय बिंसरी देवी पत्नी कुशाल सिंह कुंवर निवासी कांसुवा की मौके पर मौत हो गई थी। घायल उषा देवी पत्नी मोहन प्रसाद की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

हादसे में कांसुवा गांव के ही 58 वर्षीय मोहन प्रसाद पुत्र धर्मानंद (चालक), 20 वर्षीय प्रियांशु कुंवर पुत्र राकेश चंद्र, 56 वर्षीय विक्रम सिंह कुंवर पुत्र बच्चन सिंह और 51 वर्षीय उषा देवी पत्नी मोहन प्रसाद घायल हो गए।

अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन, चीनी सेना पैंगोंग झील के पास कर रही खुदाई

सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

नई दिल्ली ,। चीन सीमा पर अपनी नापाक हरकतें करने से बाज नहीं आ रहा है। एक तरफ भारत के विदेश मंत्री के साथ चीनी विदेश मंत्री वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी गतिरोध का समाधान निकालने के लिए बैठक करते हैं। वहीं, दूसरी तरफ चीनी सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के पास फिर अपनी हरकतें बढ़ा दी हैं। चीन की सेना पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से खुदाई कर रही है। इसी इलाके में चीन का एक मिलिट्री बेस भी है, जहां पर अंडरग्राउंड बंकर बनाए गए हैं, ताकि उनमें हथियार, ईंधन और बख्तरबंद वाहनों के लिए कठोर शेल्टर्स को स्टोर किया जा सके। सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों से इसका खुलासा हुआ है।

पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर पहाड़ों के बीच बसा सिरजाप में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का बेस है। यह झील के आसपास तैनात चीनी सैनिकों का मुख्यालय है। इसे भारत द्वारा दावा किए गए क्षेत्र में बनाया गया है। यह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगभग 5 किमी दूर स्थित है। मई 2020 में एलएसी पर गतिरोध शुरू होने तक इस क्षेत्र में कोई नहीं रहता था। ब्लैकस्काई द्वारा प्रदान की गई तस्वीरों के अनुसार, 2021–22 के दौरान बनाए गए बेस में भूमिगत बंकर हैं। इनका उपयोग हथियार, ईंधन या अन्य आपूर्ति को स्टोर करने के लिए किया जा सकता है। इसी साल 30 मई को ली गई एक तस्वीर में एक बड़े अंडरग्राउंड बंकर के आठ प्रवेश द्वार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। एक और छोटा बंकर है, जिसमें पांच प्रवेश द्वार हैं। दोनों आसपास ही स्थित है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिलिट्री बेस बख्तरबंद वाहनों की स्टोरेज फैसिलिटी, टेस्ट रेंज, ईंधन और हथियार स्टोरेज बिल्डिंग का एक बड़ा हिस्सा है। उन्होंने बताया कि मिलिट्री बेस पर वर्तमान में तोपखाने और अन्य हथियार मौजूद हैं, जिन्हें सडक़ों और खाइयों के एक बड़े नेटवर्क से जोड़ा गया है। जरूरत पडऩे पर इन हथियारों और तोपों को सीमा तक लाया जा सकता है।

अमरनाथ गुफा में बर्फ का शिवलिंग पिघला, एक हफ्ते में ही बाबा बर्फानी हो गए अंतर्ध्यान



जम्मू,ठंडी और सर्दियों के लिए मशहूर कश्मीर घाटी में इस साल भयंकर गर्मी पड़ रही है. जम्मू समेत घाटी में भी इस साल तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ा है. घाटी में इस साल तापमान 36 डिग्री के पार भी पहुंचा है, जिससे हीटवेव का खतरा बढ़ गया है. घाटी में इस साल बढ़े हुए तापमान का सीधा असर बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा पर भी पड़ा है जहां यात्रा शुरू होने के एक हफ्ते में ही शिवलिंग पिघलने की खबर सामने आई है. बताया जा रहा है कि बढ़ते तापमान की वजह से अमरनाथ गुफा में स्वयंभू शिवलिंग पिघल गए,

इस साल अमरनाथ यात्रा की बात करें तो यात्रा 29 जून से शुरू हुई है जो 19 अगस्त तक चलने वाली है. 52 दिन की इस यात्रा में अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा भक्त देशभर से बाबा के दर्शन कर चुके हैं. इस साल भी यात्रा पहलगाम और बालटाल रूट से हो रही है. इस साल की यात्रा में साढ़े तीन लाख यात्रियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया है, जबकि जम्मू और कश्मीर में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी रखी गई है. हर दिन सैंकड़ों की तादाद में श्रद्धालु जम्मू से जत्थे में रवाना हो रहे हैं. वहीं अगर बाबा अमरनाथ की बात करें तो उनकी गुफा 3880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. हर साल बाबा की गुफा में प्राकृतिक रूप से बर्फ के शिवलिंग बनते हैं और काफी समय तक रहते हैं जिसके बाद बाबा अंतरध्यान हो जाते हैं. लेकिन इस साल ज्यादा गर्मी के चलते बाबा समय से पहले ही अंतरध्यान हो गए हैं. बावजूद इसके, देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है. बाबा के भक्तों का कहना है कि उनकी भावनाएं बाबा से जुड़ी हुई हैं और वे बाबा के दर्शन करने के बाद ही वापस जाएंगे. वहीं, शनिवार को पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण अमरनाथ तीर्थयात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है. इसके अलावा उत्तराखंड में भी चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भी 2 दिन विश्राम करने की सलाह दी गई है. उत्तराखंड सरकार और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने खराब मौसम के चलते दोनों जगहों चल रही यात्राओं को रोकने का फैसला किया है. पहलगाम और बालटाल बेस कैंप से चलने वाली यात्रा को रोका गया है.

हाथरस कांडः बाबा को बचाने के लिए वकील ने गढ़ी नई कहानी

नई दिल्ली , हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ के कारण 122 लोगों की जान चली गई। जिसकों लेकर सरकार की तरफ से कार्रवाई की जा रही है। वहीं इसी बीच बाबा को बचाने के लिए बाबा के वकील ने भगदड़ की एक नई कहानी रच दी है।

जहरीले स्प्रे का हुआ इस्तेमाल

साकार हरि के वकील एपी सिंह ने कहा कि बाबा के खिलाफ भगदड़ की साजिश रची गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगदड़ हुई नहीं बल्कि कराई गई है। इसके लिए साजिशकर्ताओं ने जहरीले स्प्रे का इस्तेमाल किया। सत्संग खत्म हुआ तो साजिश के तहत कुछ लोग बाबा की तरफ दौड़ पड़े। उन लोगों के हाथों में जहरीला स्प्रे था। वे दौड़ते हुए पीछे की तरफ स्प्रे करते हुआ बाबा की तरफ भागे। इस स्प्रे का प्रभाव महिलाओं पर पड़ा और वे बेहोश होने लगीं। महिलाएं गिरने लगीं और भगदड़ का माहौल हो गया जिसके चलते यह घटना हुई। एपी सिंह ने कहा कि अज्ञात लोग जहरीले स्प्रे लेकर जा रहे थे। वे जहरीले स्प्रे का छिडक़ाव करते हुए भागे और यह एक पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा लग रहा है।

असम में बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 62 लोगों की मौत, 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

● गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम से की बात

गुवाहाटी,। पूर्वोत्तर के राज्यों में इनदिनों भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है. वहीं भारी बारिश के बाद असम में बाढ़ आ गई है. जिसके चलते राज्य में कई लोगों की मौत हो गई है. वहीं 24 लाख से ज्यादा लोग इस बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात की साथ ही मदद का भरोसा दिलाया. शाह लोगों को विश्वास दिलाया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं. गृह मंत्री शाह ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाढ़ प्रभावित राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट किया. गृह मंत्री ने लिखा, भारी बारिश के कारण, असम में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है, मौजूदा स्थिति के बारे में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बीत की. एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं और पीड़ितों को राहत पहुंचा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हुए हैं, और इस चुनौतीपूर्ण समय में राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.बता दें मानसून आने के बाद पूर्वोत्तर के साथ असम में भी भारी बारिश का दौर जारी है. जिसके चलते असम में बाढ़ आ गई है. इस बाढ़ में कई लोगों की मौत हो चुकी है. जबकि बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ है. कई सडक़ें बंद हो गईं हैं और हजारों एकड़ फसल नष्ट हो गई है. इस बाढ़ में पशुधन की भी हानि हुई है. बाढ़ के चलते सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं. राज्य के 30 जिलों में 24 लाख 20 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं. सबसे ज्यादा धुबरी जिले में 775,721 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. बाढ़ से 63,490.97 हेक्टेयर फसल क्षेत्र डूब गया है. जबकि 112 राजस्व मंडलों के तहत 3,518 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं.राज्य में बाढ़ के चलते अब तक 62 लोगों की मौत हुई है. जबकि 92 जानवर भी बाढ़ में मारे गए हैं. आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, काजीरंगा नेशनल पार्क, बोकाखाट में शनिवार को कुल 95 जानवरों को बचाया गया है.

उत्तराखंड में भारी बारिश से लैंडस्लाइड, महाराष्ट्र में रेलवे ट्रैक पर भरा पानी

तबाही लेकर आया मानसून

नईदिल्ली,। मानसून आने के बाद जहां लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत की सांस ली है तो वहीं कई राज्यों में मानसून ने तलाबी मचाना शूरू कर दी है. जम्मू–कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारी बारिश से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है. वहीं पूवीत्तर में भी मानसून ने इस बार भारी तबाही मचाई है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते गढ़वाल डिवीजन में चार धाम यात्रा को रविवार को रोक दिया गया है. वहीं बद्रीनाथ–विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुआ है. जिसके चलते सडक़ बंद हो गई है और दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई है. उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में भी भारी बारिश के चलते लोगों के सामने मुश्किलें पैदा हो गई हैं. यूपी में बीते 24 घंटों के दौरान बारिश संबंधी घटनाओं में 13 लोगों के मारे जाने की खबर है. राहत बचाव विभाग के मुताबिक, बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई है. जबकि एक शख्त की पानी में डूबने से जान चली गई. वहीं तीन लोग बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में मारे गए हैं. उधर महाराष्ट्र और गुजरात में भी इन दिनों भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है. महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भारी बारिश के बाद वाशिंद स्थित सृष्टि फार्म हाउस के पास पानी भर गया है. जिसके चलते यहां करीब 150 लोग फंस गए हैं. उन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. जबकि कल्याण–कसारा रूट पर रविवार सुबर रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया. वहीं एक पेड़ के ट्रैक पर गिरने से ट्रैक बाधित हो गया है.

वहीं भारी बारिश के बाद मुंबई से सटे ठाणे जिले में रविवार सुबह लोकल ट्रेन सर्विस को सस्पेंड कर दिया गया. अधिकारियों के मुताबिक, कसारा और टिटवाला स्टेशनों के बीच लोक ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं. रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कल्याण–कसारा रूट पर भारी बारिश के बाद अटगांव और थानसित स्टेशनों के बीच मिट्टी जमा हो गई. जिसके चलते रेलवे ने पटरियों को असुरक्षित घोषित कर दिया. इसके बाद वाशिंद स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक पेड़ भी गिर गया.

उधर बिहार में भी भारी बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे हैं. राज्य की कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बगहा के रामनगर में धान की रोपाई करने गए तीन किसानों के मसान नदी फंस गए. गनीमत ये रही कि एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों के 12 घंटों बाद सुरक्षित निकाल लिया.

छह माह में ही सोशल मीडिया पर छा गई भजनलाल सरकार

जयपुर ,धोरा रां धरती अब तकनीक और सोशल मीडिया के मामले में देश में तीसरे स्थान पर चल रही है। देश के दूसरे राज्यों को पछाड़ते हुए राजस्थान सरकार सीएमओ के एक्स के अकाउंट पर फोलोअर्स की संख्या 2.5 मिलियन है। खास बात यह है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद राजस्थान सरकार और सीएमओ के एक्स अकाउंट पर फोलोअर्स की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार आने के बाद चलाए गए सोशल मीडिया कैम्पेन –फैसले दमदार, काम असरदार को खासा पसंद किया जा रहा है। यह भी एक प्रमुख कारण है कि सोशल मीडिया पर फोलोअर्स की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

तेजी से बढ़ रहे हैं फॉलोअर्स

एक्स पर सीएमओ देश में टॉप थ्री में हैं। एक अप्रेल 2020 को एक्स हैंडल पर फोलोअर्स की संख्या 392 (हजार) थी। वहीं साल दर साल यह संख्या बढक़र 2.5 मिलियन हो गई है।

रिजॉर्ट में रेव पार्टी कराना रिसोर्ट संचालक व युवकों को पड़ा भारी

ऋषिकेश। थाना लक्ष्मणझूला के मोहनचट्टी स्थित एक रिजॉर्ट में रेव पार्टी कराना रिसोर्ट संचालक तथा युवकों को भारी पड़ा। पुलिस ने रिजॉर्ट संचालक सहित पांच कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ 26 युवकों पर पुलिस एक्ट में कार्यवाही की है। पुलिस पार्टी में मिली सात युवतियों की काउंसलिंग कर रही है। शनिवार देर रात्रि में थाना लक्ष्मणझूला पुलिस को सूचना मिली कि पाम व्यू रिजॉर्ट जोगियना, मोहन चट्टी में कुछ लोग हुडदंग मचा रहे हैं। जिस पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला रवि कुमार सैनी मय फोर्स के पहुंचे। रिजॉर्ट में कुछ लोग शराब पीकर ऊंची आवाज में डीजे बजाकर हुडदंग कर रहे थे। होटल संचालक से रिजॉर्ट में शराब पिलाने के संबंध में पूछताछ की गई तो वह शराब पिलाने का लाइसेंस नहीं दिखा पाया। जिस पर पुलिस ने रिसॉर्ट मैनेजर, पार्टी आयोजक सहित 38 महिला और पुरुषों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

भारी बारिश के अलर्ट के बीच सचिव आपदा प्रबंधन ने की जनपदों की स्थिति की समीक्षा

देहरादून। मौसम विभाग द्वारा रविवार को उत्तराखंड के अधिकांश जनपदों में भारी से बहुत भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आईटी पार्क स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (कंट्रोल रूम) से जनपदों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जिलों के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को एलर्ट पर रहने तथा हालात पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। रविवार को सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के आपदा प्रबंधन अधिकारियों से वर्तमान स्थिति तथा जिलों में हो रही बारिश को लेकर जानकारी ली। उन्होंने नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे के साथ ही ग्रामीण सड़कों को लेकर निर्देश दिए कि जो भी मार्ग बंद हैं, उन्हें जल्द से जल्द खुलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस दौरान सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने स्टेट तथा नेशनल हाईवे में यातायात संचालन की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि मार्ग बंद हैं तो साइनेज लगाए जाएं तथा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए। साथ ही मार्ग खुलने की भी जानकारी आम जनमानस तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्रामीण सड़कों को भी जल्द से जल्द खोलने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने नदियों के जलस्तर को लेकर भी डीडीएमओ से जानकारी ली और किसी भी आपात स्थिति को लेकर तुरंत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सूचना भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नदियों का जलस्तर बढ़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने और लोगों को नदी–नालों से दूर रहने को लेकर जागरूक करने को कहा। इस दौरान यूएसडीएमए के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, ड्यूटी ऑफिसर आलोक कुमार सिंह, एसईओसी के दिवस प्रभारी रोहित कुमार आदि मौजूद थे। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि सोशल मीडिया पर विभिन्न आपदाओं को लेकर भ्रामक तथा फर्जी पोस्ट डाले जाने की सूचना मिली है। पुराने वीडियो तथा फोटो को वर्तमान का बताकर गलत तरीके से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने सभी डीडीएमओ से कहा कि आम जनता में भय और डर का माहौल न रहे, इसलिए ऐसे भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट का तुरंत खंडन किया जाए। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने प्रदेशभर में सूखी नदियों पर खास तौर पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के चलते सूखी नदियों में भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने लोगों से भी सूखी नदियों में न जाने तथा वाहन इत्यादि न खड़े करने की अपील की है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों को राहत राशि वितरित करने में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने 15 जून से लेकर अब तक कितनी राहत राशि बंट चुकी है तथा कितने मामले लंबित हैं, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अभी तक राहत राशि नहीं बांटी गई है, उन तक हर हाल में जल्द से जल्द राहत राशि पहुंचाई जाए।

जिलों के कंट्रोल रूम में इंटरनेट की सुविधा तथा कनेक्टिविटी सुचारु तथा निर्बाध रूप से बनी रहे, इसे लेकर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिर्फ एक नेटवर्क के भरोसे न रहें और अन्य कंपनियों के नेटवर्क की भी सेवाएं लें ताकि यदि किसी एक की कनेक्टिविटी बाधित हो तो दूसरे नेटवर्क का प्रयोग किया जा सके।

संपादकीय

मानसून का कहर

मानसून के दौरान उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में सड़कों की बदहाली नजर आने लगी हैं, साथ ही इस पर भी बहस छेड़ दी है की क्या सड़कों के निर्माण कार्यों के बाद यह तय क्यों नहीं किया जाता कि किसी सड़क के निर्माता होने के बाद उसकी कार्य क्षमता एवं कार्य करने का समय कितना निश्चित होना चाहिए? आमतौर पर एक बार सड़क बनने के बाद ना तो विभाग सड़कों की सुध लेता है और ना ही समय से पूर्व सड़क टूटने पर संबंधित एजेंसी या फिर ठेकेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है। उल्टे सड़कों पर "पैच वर्क" लगाकर भ्रष्टाचार एवं गुणवत्ता की कमी को छुपाने का प्रयास किया जाता है। इस बार की बारिश ने लोक निर्माण विभाग के काम करने की पोल खोल कर रखी और न केवल छोटे शहरों में बल्कि उत्तराखंड के बड़े शहरों में भी सड़के बदहाली में नजर आई। यही हाल चार धाम यात्रा में भी देखने को मिल रहा है जहां बारिश से सड़कों को अत्यधिक नुकसान दिखने लगा है, हर बार की तरह इस बार भी प्राकृतिक आपदा का सहारा लेकर लीपापोती कर दी जाएगा।बीते मानसून भी प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मानसून के दौरान ऐलान किया गया था कि मानसून के विदा होते ही सभी क्षतिग्रस्त सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा लेकिन जिस प्रकार का कायाकल्प देखने को मिला वह संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। अधिकांश स्थानों पर घटिया पेचवर्क का कार्य किया गया तो कहीं गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया है। राजधानी में निर्मित सड़कों एवं पेचवर्क से निम्न कोटि की गुणवत्ता स्पष्ट नजर आ रही है और बजरी निकल कर सड़क पर फैल रही है। पिछले साल उत्तराखंड की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए अब 450 करोड रुपए का बजट जारी किया गया था। एक तरफ सरकार ने भारी भरकम बजट सड़कों के निर्माण के लिए जारी किया गया तो वहीं इसके लिए एक पर्यवेक्षक समिति एवं क्वालिटी कंट्रोल की भी व्यवस्था करनी चाहिए थी जो हर सड़क के निर्माण की जांच करती सड़कों के निर्माण के साथ यह तय करना विभाग के लिए बेहद जरूरी है कि नवनिर्मित सड़कों की नियत कितनी होनी चाहिए। भ्रष्टाचार एवं गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संबंधित स्थान पर बनाई गई सड़क की लागत एवं निर्धारित अवधि इस स्थान पर नोटिस बोर्ड पर लगाना चाहिए ताकि लोगों को पता लगे की उनके क्षेत्र में बनाई गई सड़क कितने समय तक क्षतिग्रस्त होने वाली नहीं है। सड़कों के निर्माण को लेकर जब तक पारदर्शिता एवं संबंधित दिशा निर्देश सार्वजनिक नहीं होंगे तब तक भ्रष्टाचार एवं गुणवत्ताहीन निर्माण को रोकना संभव भी नहीं है।

भारतीय पुरुषों का ही दबदबा नहीं महिलाएं भी कदमताल

बीते एक दशक के दौरान महिला क्रिकेट खिलाडियों ने अपने प्रदर्शन से सबको हैरान कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में भारत ने एकतरफा दबदबा बना कर रखा था। इसकी शुरु आत शेफाली के धमाकेदार दोहरे शतक और मंधाना के शतक से हुई। इसके बाद गेंदबाजों ने अफ्रीकी खिलाडियों पर शिंकजा कसा। खासकर स्नेह राणा के 10 विकेट ने मैच ही पलट दिया। टी 20 विश्व कप के शोर में भले ही इस मैच को दर्शक कम मिले लेकिन महिला क्रिकेटरों का जुनून देखते ही बन रहा था। इससे पहले महिला टीम ने अफ्रीका को वनडे सीरीज में भी 3–0 से मात दी। किसी भी टीम को आगे ले जाने में कप्तान की बड़ी भूमिका होती है। हरमनप्रीत ने उस भूमिका को बखूबी निभाया है। उन्होंने शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिगेज, पूजा वस्त्रकार, स्नेह राणा जैसी शानदार खिलाडियों को तैयार किया। आज यही खिलाड़ी भारत का भविष्य लिख रही हैं। इन सभी खिलाडियों के साथ भारतीय टीम को विजय रथ पर सवार करने के लिए हरमनप्रीत की जितनी भी तारीफ हो कम ही होगी। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम लगातार बेहतर होती जा रही है। कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घर पर टेस्ट मैच खेला था।

संदीप भूषण

ऐतिहासिक घटनाओं के लिहाज से 30 जून बेहद महत्त्वपूर्ण तारीख है। दुनिया में खेल के माध्यम से सद्भाव कायम करने वाली सबसे बड़ी संस्था अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना इसी दिन हुई थी।

बात भारतीय खेल जगत के नजरिए से करें तो यह तारीख और भी अहम हो जाती है। बीती 30 जून को भारतीय क्रिकेट इतिहास में दो बड़ी घटनाएं हुई। एक तरफ टी 20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर भारतीय पुरु ष टीम ने 13 वर्ष का खिताबी सूखा समाप्त किया तो वहीं दूसरी तरफ, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट में दस विकेट से हरा दिया।

तर्क दिया जा सकता है कि दोनों मुकाबले का स्तर अलग था, लेकिन खिलाडियों का जज्बे और जुनून में कोई फर्क नहीं था। पुरु ष टीम की जीत से भारत को विश्व कप मिला तो महिला टीम की जीत ने बता दिया कि क्रिकेट के मैदान पर सिर्फ भारतीय पुरु षों का ही दबदबा नहीं है, महिलाएं भी उनसे कदमताल कर रही हैं। महिला टीम की बड़ी जीत से कई संदेश निकले जो क्रिकेट में भारतीय महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर पेश करते हैं। पिछली बार नवम्बर, 2014 में भारतीय टीम ने जब दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू मैदान पर टेस्ट खेला था, तब मिताली राज कप्तान थीं। हरमनप्रीत कौर भी इस टेस्ट का हिस्सा थीं।

यह मैच तो भारत ने जीत लिया था लेकिन तब किसी को इल्म नहीं था कि 17 रन बनाने वाली हरमनप्रीत की कप्तानी में एक दिन अफ्रीकी टीम को इतनी बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। यह भी तथ्य है कि तब महिला टीम को लेकर भविष्य की तस्वीर धुंधली नजर आती थी। लेकिन बीते एक दशक के दौरान महिला क्रिकेट खिलाडियों ने अपने प्रदर्शन से सबको हैरान कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में भारत ने एकतरफा दबदबा बना कर रखा था। इसकी शुरु आत शेफाली के धमाकेदार दोहरे शतक और मंधाना के शतक से हुई। इसके बाद गेंदबाजों ने अफ्रीकी खिलाडियों पर शिंकजा कसा। खासकर स्नेह राणा के 10 विकेट ने मैच ही पलट दिया। टी 20 विश्व कप के शोर में भले ही इस मैच को दर्शक कम मिले लेकिन महिला क्रिकेटरों का जुनून देखते ही बन रहा था।

इससे पहले महिला टीम ने अफ्रीका को वनडे सीरीज में भी 3–0 से मात दी। किसी भी टीम को आगे ले जाने में कप्तान की बड़ी भूमिका होती है। हरमनप्रीत ने उस भूमिका को बखूबी निभाया है। उन्होंने शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिगेज, पूजा वस्त्रकार, स्नेह राणा जैसी शानदार खिलाडियों को तैयार किया। आज यही खिलाड़ी भारत का भविष्य लिख रही हैं। इन सभी खिलाडियों के साथ भारतीय टीम को विजय रथ पर सवार करने के लिए हरमनप्रीत की जितनी भी तारीफ हो कम ही होगी। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम लगातार बेहतर होती जा रही है। कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घर पर टेस्ट मैच खेला था।

इसमें भी टीम ने जीत हासिल की थी और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी मात दी थी। अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ चेन्नई टेस्ट जीतने के साथ हरमनप्रीत कौर महिला टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली कप्तान बन गई हैं, जिनके नेतृत्व में टीम ने लगातार तीन मुकाबलों को अपने नाम किया है। हरमनप्रीत ने भारतीय महिला टीम की दिग्गज पूर्व खिलाड़ी मिताली राज के कप्तान के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट जीत के रिकॉर्ड को भी बराबर कर लिया है। कौर के नेतृत्व में टीम इंडिया ने जहां तीन मुकाबले खेलते हुए सभी में जीत हासिल की है तो मिताली राज के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने आठ टेस्ट मैच खेले थे जिनमें से तीन में जीत हासिल हुई थी।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ये उपलब्धियां रिकॉर्ड बनाने से इतर हमारे समाज में महिला सशक्तिकरण की अलख जगा रही हैं। भारत जैसे देश, जहां महिलाओं की स्थिति में बड़े बदलाव की जरूरत है, ये उपलब्धियां हमारी पारंपरिक संस्कृति में घर कर गई विसंगतियां दूर करने में भी मददगार साबित हो रही हैं। लैंगिक समानता के सपने को साकार करने में मदद कर रही हैं। आम तौर पर पैसे की कमी से जूझने के कारण खेल महसंघ महिला खिलाडियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मुहैया नहीं करा पाते।

महिला खिलाडियों की बेंच स्ट्रेंथ मजबूत नहीं कर पाते। अपनी मजबूत अवसंरचना के कारण क्रिकेट कम से कम इन सभी कमियों को पूरी कर रही है। वे लड़कियों को जमीनी स्तर पर सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। इससे महिलाओं की क्रिकेट में भागीदारी बढ़ रही है, और उन्हें समाज की रूढ़िवादी परंपराओं को तोडने में मदद मिल रही है।

महिला क्रिकेट की लगातार उपलब्धियों ने लैंगिक असमानता पर नई बहस छेड़ दी है। माना जा रहा है कि महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और उनका प्रदर्शन देश की असंख्य बेटियों के लिए भी मिसाल बनेगा।

विपक्ष की रणनीति

अवधेश कुमार

18 वीं लोक सभा के अध्यक्ष के निर्वाचन के दौरान और उसके बाद का दृश्य निश्चित रूप से देश को एक हद तक राहत देने वाला था। आक्रमक मोर्चाबंदी के बाद विपक्ष ने संसद में मत विभाजन की मांग नहीं की। इस कारण ओम बिरला का दूसरी बार लोकसभाध्यक्ष के रूप में निर्वाचन प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ। विपक्ष अपने पूर्व के तेवर के अनुरूप यदि के. सुरेश और ओम बिरला के बीच मतदान पर अड़ता तो तस्वीर दूसरी होती। हालांकि संख्या बल के आधार पर ओम बिरला का निर्वाचन निश्चित था, लेकिन विपक्ष भी ताकत दिखाना चाहता था।

वास्तव में 18वीं लोक सभा में शपथ ग्रहण के समय से विपक्ष का तेवर बता रहा है कि वह सरकार को आसानी से काम करने देने की मनःस्थिति में नहीं है। आईएनडीआईए के सारे सांसद गांधी जी की प्रतिमा के पुराने स्थल से हाथों में संविधान की प्रति लिए जिस तरह नारा लगाते आगे बढ़े वह चिंतित करने वाला दृश्य था। कम से कम सांसदों के शपथ ग्रहण के अवसर को प्रदर्शनों से दूर रखा जा सकता था। सरकार ने अभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जिसके लिए विपक्ष को इस तरह विरोध की एकजुटता प्रदर्शित करनी पड़े।

विरोध के लिए आगे पूरा अवसर बना हुआ है। संसद में बजट आना है और भी कई विधेयक आने वाले हैं, उन सब पर विपक्ष अपना तेवर दिखा सकता था, दिखाएगा भी। इसी तरह स्वयं विपक्ष का अपना एजेंडा है जो समय–समय पर संसदीय नियमों का लाभ उठाते हुए प्रस्तुत करने की कोशिश करेगा। 18वीं लोक सभा की शुरूआत में विपक्ष ने अपनी रणनीति के तहत ही आक्रमक चरित्र प्रदर्शित किया है। पहले भर्तृहरि मेहताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने का विरोध हुआ। कांग्रेस ने यह भी कह दिया कि उनकी पार्टी मेहताब को सहयोग नहीं करेगी। उससे भय पैदा हुआ लेकिन सभी कांग्रेसी सांसदों ने अंततः मेहताब की अध्यक्षता में ही शपथ ग्रहण किया।

इसके पूर्व कभी प्रोटेम स्पीकर को लेकर इस तरह विरोध हुआ हो इसके रिकॉर्ड अभी तक सामने नहीं आए हैं। कांग्रेस की मांग थी कि के. सुरेश आठ बार के सांसद हैं। इसलिए उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाना चाहिए। सरकार का कहना था कि के. सुरेश एक बार सांसद नहीं रहे हैं जबकि मेहताब लगातार सात बार सांसद रहे हैं। यह विषय असहमति का है। संविधान में कहीं इसका उल्लेख नहीं है कि प्रोटेम स्पीकर किसे बनाया जाए। उसके बाद से विपक्ष ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह लोक सभा चुनाव के दौरान उठाए गए मुद्दों और अपनाए तेवरों से पीछे हट रहा है। आप ओम बिरला के लोकसभाध्यक्ष बनने के बाद दिए गए विपक्ष के नेताओं के भाषणों को देखिए तो काफी कुछ स्पष्ट हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा, ह्यहम उम्मीद करते हैं कि आपके नेतृत्व में संविधान की रक्षा होगी। आप विपक्ष को पूरी तरह बोलने का अवसर देंगे जिससे आम जन की आवाज संसद में आ सकेह्न। उन्होंने पूर्व लोक सभा में सांसदों के निलंबन पर भी कटाक्ष किया।

ठीक इसी तरह सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी लोकसभाध्यक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, ह्यआप सत्ता पक्ष को तो मौका देते ही हैं, लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष को भी अवसर देंगेह्न। फिर उन्होंने भी भविष्य में सांसदों के निलंबन न होने की उम्मीद जताई। इसी तरह तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय एवं अन्य नेताओं के भाषण अध्यक्ष को भी दलीय राजनीति में घसीटने और उनको कठघरे में खड़ा करने वाले ही थे। अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद सभी उन्हें धन्यवाद देते हैं, उनकी प्रशंसा करते हैं, और उनकी अध्यक्षता में संसद के संचालन में सहयोग करने का वादा करते हुए शुभकामना भी देते हैं। विपक्ष के भाषण में ये विषय थे किंतु उनकी धारा बिल्कुल अलग थी। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संयुक्त सत्र के अभिभाषण को लेकर भी विपक्ष ने सरकार के साथ सहयोग या सहकार वाली भूमिका का संदेश नहीं दिया। आम आदमी पार्टी द्वारा अभिभाषण का बहिष्कार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे द्वारा समर्थन बताता है कि संसद को लेकर विपक्ष की राजनीति किस दिशा में जाने वाली है। शिवसेना–उद्धव ठाकरे के सांसद संजय राउत में कहा कि बहिष्कार बिल्कुल ठीक है? सरकार तानाशाही भरा रवैया अपनाती है और उसमें राष्ट्रपति का भी योगदान है।

राष्ट्रपति को दलीय राजनीति में घसीटना अन्य सभी घटनाक्रम से ज्यादा चिंतित करने वाला है। राष्ट्रपति देश के अभिभावक के तौर पर स्वीकार किए जाते हैं। हमारे देश में राष्ट्रपति संवैधानिक प्रमुख हैं पर उन्हें मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार ही भूमिका निभानी पड़ती है। बावजूद विपक्ष राष्ट्रपति पर इस तरह के हमले से बचता रहा है। आपातकाल के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद की भूमिका को छोड़ दें तो अभी तक संजय राउत की तरह राष्ट्रपति की आलोचना करने जैसा वक्तव्य सामने नहीं आया था। फखरु द्दीन अली अहमद के विरु द्ध भी विपक्ष को बोलने का मौका नहीं मिला था क्योंकि सभी जेल में डाल दिए गए थे।राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सहित सभी विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रिआएं देखें तो वे सरकार पर पूरी तरह हमलावर हैं। वैसे राष्ट्रपति अभिभाषण द्वारा सरकार ने भी स्पष्ट कर दिया कि वह अपनी पूर्व नीतियों पर ही आगे बढने वाली है यानी विपक्ष का कोई दबाव उसे अपने रास्ते से पीछे हटने या मुडने के लिए विवश नहीं कर सकता। वह हमले का जवाब प्रति हमले से देगी। वस्तुतः विपक्ष का आकलन है कि संविधान खत्म करने, आरक्षण खत्म करने और अन्य प्रकार के प्रधानमंत्री मोदी और सरकार विरोधी तेवरों से उन्हें चुनाव में लाभ मिला है। इसे आगे बनाए रखा गया तो वे सरकार को सत्ता से हटाने में सफल होंगे। विपक्ष की रणनीति बिल्कुल साफ है। देश में सरकार के हर समय अस्थिर होने का संदेश देना, इससे लगातार टकराव करते रहना, आरोप लगाते रहना तथा जब भी मौका आए सरकार को झकझोर कर गिराने का प्रयास करना।

शांति शिखर सम्मेलन

रूस यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का रास्ता तलाशने के उद्देश्य से इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में एक शांति शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें करीब 90 देशों ने हिस्सा लिया।विश्लेषकों का मानना है कि दो वर्षों के बाद युद्ध विराम को लेकर आयोजित इस शांति शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यथार्थपरक है, लेकिन यह आकलन वास्तविकता से कई अर्थो में भिन्न है। सम्मेलन में करीब 100 प्रतिनिधिमंडल आये थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देशों से थे और ये सभी रूस विरोधी थे। यह शिखर सम्मेलन युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के उद्देश्य से कोसों दूर इसलिए भी रहा है इसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया।रूस सबसे महत्त्वपूर्ण हितधारक है और जब तक रूस और यूक्रेन वार्ता की मेज पर एक साथ नहीं बैठेंगे तब तक शांति का कोई परिणाम ही सामने नहीं आएगा। इस शांति शिखर सम्मेलन से ठीक पहले जी–7 देशों के सम्मेलन में दुश्मन देश रूस की जब्त 4177 अरब रुपए की संपत्ति यूक्रेन को देने की घोषणा की गई है। यूक्रेन को एक तरफ नाटो देश हथियार दे रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिका लगातार फंड दे रहा है। अमेरिका बार–बार कह रहा है कि यूक्रेन को इस तरह की मदद लगातार मिलती रहेगी।अब अगर जी–7 देशों की घोषणा के मुताबिक रूस की जब्त संपत्ति यूक्रेन को दी गई तो एक नया मोर्चा खुल जाएगा। यह दो दिवसीय शांति सम्मेलन था। अंतिम दिन यानी रविवार को एक साझा बयान जारी किया गया जिसमें यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने की शर्त को मुख्य आधार बनाया गया है।भारत सहित 12 देशों ने इस शर्त को नामंजूर करते हुए साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इन देशों का मानना है कि इस शर्त से टकराव की स्थिति बनी रहने की आशंका है। भारत ने सार्वजनिक रूप से कभी भी रूस को आक्रमक देश नहीं कहा है जैसा कि पश्चिमी देश मानते हैं।पिछले दिनों एक जनमत सन्रेक्षण में यह बात सामने आई थी कि यूक्रेन की एक बड़ी आबादी का विजय के संदर्भ में निराशावादी रुख है। वे सीमित युद्ध परिणामों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। यह भी सत्य है कि दो साल से जारी इस भीषण युद्ध के बाद भी जेलेंस्की और पुतिन दोनों के लिए विजय मृगतृष्णा बनी हुई है।

बहुमत गंवाने की तलवार

एनडीए अगर एकजुट रहा, तो भी सहयोगी दलों के तेवर गुजरे दस वर्षों जैसे नहीं रहेंगे। ऐसे में गठबंधन और सरकार का नेतृत्व करना एक नए तरह के कौशल की मांग करेगा। नरेंद्र मोदी ऐसे कौशल के लिए नहीं जाने जाते। दो राज्यों– उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्त्वाकांक्षाओं और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे पर तगड़ा प्रहार किया। इनके अलावा कई और राज्यों ने पार्टी के वर्चस्व में सेंध लगाई। इनमें हरियाणा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, झारखंड एवं कुछ अन्य राज्यों का जिक्रकिया जा सकता है। भाजपा को ओडिशा, तेलंगाना, और यहां तक कि केरल में भी अनपेक्षित सफलताएं मिलीं। लेकिन यह कामयाबी जिन राज्यों ने उसे झटका दिया, उसकी भरपाई करने लायक नहीं है। नतीजा यह है कि पार्टी के हाथ से बहुमत निकल गया है। बल्कि बहुमत से उसकी दूरी अच्छी–खासी है। हालांकि भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को जरूर स्पष्ट बहुमत मिला है, लेकिन अब जो सियासी उभरी है, उसमें कौन किस गठबंधन में रहेगा, यह फिलहाल अनिश्चित हो गया है।

वीकडे में भी नहीं रुक रहा प्रभास का जलवा, 400 करोड़ का आंकड़ा कर दिया पार

प्रभास की कल्किस 2898 एडी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. वीकेंड ही नहीं वीकडेज में भी फिल्म का कलेक्शन कम होने का नाम नहीं ले रहा है. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर फुल रफ्तार पकड़ी हुई है. इसी रफ्तार से चलती रही तो फिल्म को 500 करोड़ के क्लब में शामिल होने में ज्यादा समय नहीं लगने वाला है. ये इस वीकेंड के खत्म होने तक 500 करोड़ भी कमा लेगी. फिल्म का आठवें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है. फिल्म 400 करोड़ का आकंड़ा पार कर चुकी है. तेलुगू ही नहीं हिंदी में भी फिल्म अच्छा कलेक्शन कर रही है.

कल्कि 2898 एडी कलेक्शन के मामले में अब हिंदी वर्जन तेलुगू वर्जन पर भारी पड़ रहा है. हिंदी वर्जन को ज्यादा पसंद किया जा रहा है. हिंदी बेल्ट के लोग इस फिल्म को खूब देख रहे हैं. कल्कि 2898 एडी के कलेक्शन के बारे में आपको बताते हैं.

कल्कि 2898 एडी के कलेक्शन पर सबकी नजर बनी हुई है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने आठ दिन में 414.75 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म ने आठवें दिन 22.3 करोड़ का कलेक्शन किया है,आठवें दिन के कलेक्शन की बात करें तो तेलुगू में 10 करोड़, हिंदी 10.5 करोड़, तमिल 0.9 करोड़, कन्नड़ 0.2 करोड़ और मलयालम में 0.7 करोड़ का कलेक्शन किया है.

कल्कि 2898 एडी के आठ दिनों के कलेक्शन की बात करें तो तेलुगू वर्जन 200 करोड़ के क्लब में शामिल हो गया है. फिल्म ने 212.05 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. वहीं हिंदी वर्जन भी इस क्लब में शामिल होने से ज्यादा दूर नहीं है. हिंदी वर्जन ने 162.8 करोड़ कमा लिए हैं.फिल्म की बात करें तो इसे नाग अश्विन ने डायरेक्ट किया है. फिल्म को मिक्स रिव्यू मिले हैं फिर भी कलेक्शन शानदार कर रही है. प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन लीड रोल में नजर आए हैं. वहीं कई सेलेब्स का कैमियो है. जिन्हें देखकर फैंस काफी इंप्रेस हो गए हैं.

डब्ल्यूडब्ल्यूई से जॉन सीना ने किया संन्यास का ऐलान

टोरंटो, डब्ल्यूडब्ल्यूई इतिहास के स्टार रेसलर और 16 बार के विश्व चैंपियन जॉन सीना ने संन्यास का ऐलान किया है। साल 2025 में वह आखिरी बार डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में नजर आएंगे।

मनी इन द बैंक में वापसी करते हुए सीना ने यह ऐलान किया और प्रशंसकों को उनके वर्षों के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स को संबोधित करते हुए कहा, मैं यहां क्यों हूं? आज रात में आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूडब्ल्यूई से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।47 वर्षीय ने खुलासा किया कि 2025 रॉयल रंबल, एलिमिनेशन चैंबर और लास वेगस में रेसलमेनिया 41 उनका आखिरी सीजन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब जनवरी में रॉ नेटफ्लिक्स पर आएगा, तो वह इसमें शामिल होना चाहते हैं।16 बार के विश्व चैंपियन ने 2002 में डब्ल्यूडब्ल्यूई में डेब्यू किया और उनका अब तक का करियर शानदार रहा है।

कपिल देव और एमएस धोनी की विरासत रोहित शर्मा ने आगे बढ़ाई: गावस्कर

नई दिल्ली, भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सलामी बल्लेबाज एमएस धोनी और कपिल देव की तरह ही लोगों के कप्तान हैं।

रोहित टी20 विश्व कप 2007 और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारत की टीम के सदस्य थे। कप्तान के तौर पर वो वनडे विश्व कप 2023 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उपविजेता रहे। लेकिन रोहित को आखिरकार किस्मत का साथ तब मिला जब भारत ने पिछले महीने केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद रोहित ने टी20 विश्व कप 2024 जीत को अपने खेल करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया, जिसे भारत ने प्रतियोगिता में अजेय टीम के रूप में जीता। गावस्कर ने लिखा, रोहित शर्मा उन दो अन्य क्रिकेट दिग्गजों, कपिल देव और धोनी के साथ शामिल हो गए हैं, जिन्होंने भारत को विश्व कप ट्रॉफी दिलाई है। इन दोनों की तरह, रोहित भी लोगों के कप्तान हैं। न केवल उनकी टीम के सदस्यों द्वारा, बल्कि पूरे भारतीय क्रिकेट समुदाय में उन्हें खूब पसंद किया जाता है। क्रिकेट प्रशंसकों को उनकी नेतृत्व शैली भी पसंद है और रणनीति के मामले में, वे खेल में सबसे तेज हैं। उनके कुछ कदम आपको आश्चर्यचकित कर सकते हैं, लेकिन अंतिम परिणाम अक्सर वही होता है जिसकी टीम को उस समय जरूरत होती है। गावस्कर ने रोहित और राहुल द्रविड़ की कप्तान–कोच जोड़ी की भी सराहना की, जिन्होंने भारत को ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में, रोहित ने 156.70 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए और भारत को बल्ले से तेज शुरुआत देने की जिम्मेदारी ली, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ उनके अर्धशतक महत्वपूर्ण थे।

चंदू चैंपियन ने पार किया प्रोडक्शन कॉस्ट, वर्ल्ड वाइड कार्तिक आर्यन की फिल्म ने कमाए 96 करोड़

जून में फिल्म चंदू चैंपियन आई जो बॉक्स ऑफिस पर सफल हो गई. ये फिल्म कार्तिक आर्यन की है जिसमें उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ हर किसी ने की. कार्तिक आर्यन की सफल फिल्मों में अब चंदू चैंपियन का नाम भी शामिल हो गया है. इस फिल्म का कलेक्शन बजट से पार चला गया है और इसे अब हिट बताया जा रहा है.साजिद नाडियावाला ग्रैंडसन प्रोडक्शन में फिल्म चंदू चैंपियन के प्रोड्यूसर कबीर खान भी हैं. कबीर खान ने ही इस फिल्म का निर्देशन किया है. कार्तिक आर्यन स्टार फ्रॉम चंदू चैंपियन ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा परफॉर्म कर रही है. ये फिल्म ऑडियंस को बहुत पसंद आ रही है और क्रिटिक्स से भी इसे अच्छे रिव्यूज मिल रहे हैं. बता दें कि इस फिल्म ने अब तक अपने बजट से ज्यादा की कमाई कर ली है.कार्तिक आर्यन स्टारर चंदू चैंपियन बॉक्स ऑफिस पर एक शानदार यात्रा के साथ अपना लोहा मनवा रही है, जिसने अकेले भारत में 69 करोड़ नेट और 81 करोड़ सकल कमाई की है. इसके साथ ही फिल्म ने इंटरनेशनल मार्केट में 15.5 करोड़ की कमाई अपने नाम की है. इस तरह से फिल्म की टोटल वर्ल्डवाइड कमाई 96 करोड़ हो चुकी है. 70 से 80 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनी इस फिल्म ने सफलतापूर्वक अपने प्रोडक्शन कॉस्ट को कवर कर लिया है.जैसे–जैसे यह फिल्म सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है, वैसे –वैसे चंदू चैंपियन दुनिया भर के दर्शकों के दिलों पर कब्जा करना जारी रखे हुए है. साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान ने फिल्म चंदू चैंपियन को प्रोड्यूस किया है. ये फिल्म बड़े पर्दे पर 14 जून 2024 को रिलीज हुई थी जो अभी तक चल रही है. यह फिल्म अपनी दमदार कहानी और कार्तिक की जबरदस्त परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों पर गहरा प्रभाव छोड़ रही है.

धनुष की फिल्म कुबेरा से रश्मिका मंदाना की पहली झलक आई सामने, टीजर भी जारी

साउथ की फेमस एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कुबेर को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। बता दें कि रश्मिका मंदाना ने सुपरस्टार अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा से उनके करियर को एक नई उड़ान मिली है। अब वो निर्देशक सेखर कम्मूला की अपकमिंग फिल्म कुबेर में धमाल मचाने के लिए तैयार है। अब इस बीच फिल्म कुबेर से रश्मिका मंदाना का पहला लुक वीडियो जारी कर दिया गया है, जो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

आपको बता दें कि रणबीर कपूर की एनिमल में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने गीतांजली की भूमिका निभाई थी,

43 साल के हुए एमएस धोनी, पत्नी साक्षी ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आज 43 साल के हो गए। मुंबई में बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान पत्नी साक्षी ने धोनी के पैर भी छुए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।एमएस धोनी ने अपनी पत्नी के साथ आधी रात को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया और केट काटा। इस दौरान साक्षी ने मजाकिया अंदाज में उनके पैर भी छुए और कैप्टन कूल ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया।बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर साक्षी ने शेयर किया। इसके अलावा, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान भी इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसका कैप्शन था। हैप्पी बर्थडे कप्तान साहब !आमतौर पर सोशल मीडिया की सुर्खियों से दूर रहने वाले धोनी ने हाल ही में भारतीय टीम को टी20 विश्व कप की जीत पर बधाई दी और इसे अपना खास जन्मदिन का तोहफा बताया।धोनी की आईपीएल फ्रैंचाइज़ी चेन्नई सुपर किंग्स ने भी यही वीडियो शेयर किया और कैप्शन दिया, पार्टी शुरू हो गई ! पीएसः केक और थाला सबसे बढिया कॉम्बो है !भारत के पूर्व बल्लेबाज और धोनी के अच्छे दोस्त सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक हो माही भाई ! आपको आपके हेलीकॉप्टर शॉट जितना शानदार और आपके स्टंपिंग कौशल जितना बेस्ट दिन की शुभकामनाएं।भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 2023 आईपीएल फाइनल की एक पुरानी तस्वीर शेयर की, जिसमें कैप्शन था, क्रिकेट में मेरे एकमात्र पसंदीदा व्यक्ति को जन्मदिन की शुभकामनाएं। माही भाई आपकी मौजूदगी सबसे बड़ा तोहफा है। ढेर सारा प्यार।थाला के नाम से मशहूर धोनी ने भारत को तीन आईसीसी ट्रॉफी और चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाए।

एक नजर

सड़कें अवरुद्ध, बिजली आपूर्ति ठप

चमोली। वर्षा,भूस्खलन, पहाड़ियों के टूटने से चमोली जिले में शनिवार की रात से लेकर रविवार तक जहां 41 सड़कें अवरुद्ध रहीं। वहीं बदरीनाथ से लेकर चमोली जिले के कई गांवों और क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति भी ठप रही। देवाल क्षेत्र के 30 से अधिक गांवों में भी बिजली आपूर्ति बंद पड़ी है। बदरीनाथ हाइवे पर बल्दौडा और पांडुकेश्वर के जंगलों से गुजरती विद्युत लाइने क्षतिग्रस्त होने से पांडुकेश्वर से लेकर बदरीनाथ तक विद्युत आपूर्ति रविवार को बाधित रही। आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार विद्युत वितरण विभाग बाधित हुई विद्युत लाइनों को सुचारू करने में जुटा है। चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक के बड़े क्षेत्र में भी शनिवार की रात से विद्युत आपूर्ति ठप है। जिससे लोगों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ा। बारिश जारी है। ऐसे में गांवों में बिजली नहीं होने से ग्रामीण परेशानी में है।

कांग्रेस प्रत्याशी बुटोला ने दशोली क्षेत्र में मांगे वोट

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव प्रचार के लिए दशोली क्षेत्र में रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला ने जनसंपर्क कर वोट मांगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज है। और जन आवाज बनने के लिए हमेशा जनता के बीच कांग्रेस खड़ी रहती है। बुटोला ने कहा बदरीनाथ की जनता ने मन बना दिया है कि वह कांग्रेस को इस चुनाव में अपना आशीर्वाद देगी। बुटोला ने दशोली ब्लाक के फर्स्वाण फाट के रांगतोली, पोल, हरमनी, लस्यू, लासी, नवा, चल्थर, कहेड़ तथा घिंघराण क्षेत्र के रौलीग्वाड, देवर खडोरा, नैल, कुड़ाव आदि गांवों में जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं की। कांग्रेस पार्टी के दशोली ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवाण की अध्यक्षता में जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क में पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, सेक्टर अध्यक्ष महावीर रौतेला, अनुसुया गुसाईं, त्रिलोक रावत, मंगला, प्रकाश, दलवीर सिंह फर्स्वाण, दीवान फर्स्वाण, महिला मंगल दल समेत कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

थराली में पिंडर का पानी घरों में घुसा

चमोली। शनिवार देर शाम को प्राणमती नदी के उफान पर आने के कारण थराली–पनगढ़ मोटर सड़क पर बना लकड़ी का अस्थाई पुल बह गया था। रविवार को भी क्षेत्र में रुक–रुक बारिश जारी हैं। शनिवार की देर रात अचानक पिंडर सहित प्राणमति नदी देर रात 9 बजे से उफान पर आने लगी। नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण थराली बाजार क्षेत्र में नदी का पानी आवासीय क्षेत्र में घुसने लगा। जिससे पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। लोनिवि थराली के सहायक अभियन्ता जेके टम्टा ने बताया कि देवाल ब्लॉक में 2, थराली में 2 और नारायणबगड़ में एक जेसीबी मशीन बंद सड़कों को खोलने के लिए लगाई गई हैं। जो लगातार कार्य कर रही हैं।

खतलिंग हिमालय जागरण महायात्रा 2 सितंबर से

नई टिहरी। भिलंगना क्षेत्र विकास समिति और खतलिंग देवलिंग पर्यटन विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक साल आहुत होने वाली खतलिंग हिमालय जागरण महायात्रा 2 सितंबर को शुरू होगी। राज्य आंदोलन के प्रणेता व उत्तराखंड के गांधी के नाम से प्रसिद्ध स्व. इंद्रमणि बडोनी ने इसी तिथि को 1980 में खतलिंग ग्लेशियर यात्रा को शुरू किया था। समिति से जुड़े और केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के मीडिया सलाहकार सूर्यप्रकाश सेमवाल ने बताया कि खतलिंग ग्लेशियर सामरिक और प्राकृतिक रूप से महत्वपूर्ण है। बीते 8 वर्षों से लगातार सितंबर के प्रथम सप्ताह में खतलिंग हिमालय जागरण महायात्रा को दिल्ली से संचालित किया जा रहा है। बताया कि अब प्रत्येक साल 2 सितंबर को ही इस यात्रा का आधिकारिक शुभारंभ किया जाएगा।

टिहरी बांध से पानी छोड़ने के बाद पुराने स्वरुप में लौटी भागीरथी

नई टिहरी। भागीरथी को 36 दिन बाद टिहरी बांध से छोड़े जाने के बाद वह अपने पुराने वेग के साथ देवप्रयाग पहुंची। इससे जहां भागीरथी घाटी का लम्बे समय से बना सन्नाटा टूटा, वहीं श्रद्धालु खुशी में गंगा की जय जयकार कर उठे।

देवप्रयाग में ही भागीरथी, अलकनंदा से संगम कर गंगा नाम धारण करती है। भागीरथी को बीती 2 जून को रोके जाने से देवप्रयाग तक के 45 किमी क्षेत्र में जन जीवन खासा प्रभावित रहा। टीएचडीसी सूत्रों के अनुसार, कोटेश्वर बांध से रविवार को भागीरथी का जल छोड़ने की शुरूआत कर दी गई है।

मालन पुल निर्माण में हो रही देरी पर कांग्रेस ने जताया रोष, किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः गत वर्षाकाल में मालन पुल ध्वस्त होने के बाद भी अब तक मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं होने पर कांग्रेसियों ने रोष व्यक्त किया है। कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द पुल निर्माण की मांग उठाई। कहा कि पुल निर्माण में बरती जा रही सुस्ती के लिए शासन-प्रशासन जिम्मेदार है। जिससे इस वर्षाकाल भी कोटद्वार-भाबरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मालन पुल कोटद्वार से भाबर को जोड़ने का सेतु था। पुल के क्षतिग्रस्त होने के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रदेश सरकार और जनप्रतिनिधियों की लचर कार्यशैली के कारण पुल का निर्माण नहीं हो पाया। इस कारण भाबर क्षेत्र की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले साल पुल का केवल एक पिलर टूटा था जिसका पुनर्निर्माण एक महीने के अंतराल में हो सकता था, वहीं दूसरी ओर करोड़ों की लागत से बने वैकल्पिक मार्ग का भी दो बार क्षतिग्रस्त हो जाना यह दर्शाता है कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है और भ्रष्टाचार में लिप्त है। इस मौके पर संजय मित्तल, विजय रावत, धीरेंद्र बिष्ट, महावीर सिंह रावत, साबर सिंह नेगी, शूरवीर खेतवा, होशियार सिंह, सुदर्शन सिंह रावत, बृजपाल सिंह नेगी, सूरमान सिंह नेगी, विनोद नेगी, हयात सिंह मेहरा, मनोज नेगी, रमेश चंद्र, विकास मेहरा, अजीत नेगी विनोद, मनीराम, अंकुश घिल्डियाल, अनिल नेगी मौजूद रहे।

कोटद्वार में मालन नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के समीप धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी

जिले में पांच स्टेट हाईवे 34 सड़कें बंद

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः जिले में बारिश से रविवार को 5 स्टेट हाईवे सहित 34 सड़कों पर यातायात ठप रहा।

हालांकि लोनिवि द्वारा बंद मोटरमार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन सड़कों पर बड़े-बड़े बोल्डर और मलबा आने से सड़कें खोलने में दिक्कत हो रही है। जिले में शनिवार शाम से बारिश थमी रही। जिससे थोड़ी राहत मिली।

रविवार को जिले के टिहरी-देवप्रयाग-व्यासघाट, कर्णप्रयाग-नौटी स्टेट हाईवे के साथ ही सतपुली-धारकोट, लक्ष्मणझूला-धुमाकोट, नालीखाल-कपोलकाटल, दमदेवल-कलगड़ी-खिर्सू, पैठाणी-कोटी, कोला-गुडिंडी, सिमड्डी-कंडूली आदि मोटरमार्गो पर यातायात ठप रहा। प्रशासन द्वारा बंद मोटरमार्गो को खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई है।

प्रतियोगिता में महिलाओं ने बनाए पहाड़ी व्यंजन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः आह्वान संस्था की ओर से रविवार को नगर पालिका के बारात में मास्टरशेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहाड़ी व्यंजनों पर आधारित महिला समूहों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के पहाड़ी व्यंजन एक मंच पर देखने को मिले।

रविवार को आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने किया। प्रतियोगिता में नीतू नेगी और उनकी टीम ने पहला, महिला सफाई समूह ने दूसरा और तीलू रौतेली स्वयं सहायता समूह ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता और सभी प्रतिभागी महिला समूहों को सांत्वना पुरस्कार के तौर पर प्रमाण पत्र के साथ गिफ्ट भी दिया गया।

संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल ने कहा कि संस्था की ओर से पहाड़ी व्यंजनों को प्रोत्साहित करने के लिए यह एक प्रयास था। संस्था की ओर से आगे भी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के प्रयास किए जाते रहेंगे। विधायक पौड़ी ने भी ऐसे आयोजनों पर जोर देते हुए कहा कि इन आयोजनों से महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इस मौके पर निर्णायक एसडीएम अनामिका सिंह, छात्र संघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मयूर भट्ट, गौरव रावत, नितिन रावत, विवेक रावत, मयंक रावत, कुश रावत आदि शामिल रहे।

कानून में सरलीकरण की मांग, 14 को धरना देगा उक्रांद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः वन्य जीव संरक्षण कानून को अव्यवहारिक तरीके से लागू करने का उत्तराखंड क्रांति दल ने विरोध किया है। इसके खिलाफ कार्यकर्ता व पदाधिकारी 14 जुलाई को यमकेश्वर में बीन नदी के तट पर एक दिवसीय धरना देंगे।

रविवार को शिब्बूनगर स्थित कार्यालय में उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक आयोजित की गई। दल के संरक्षक डा.शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि 14 जुलाई को यमकेश्वर में बीन नदी के तट पर एक दिवसीय धरना किया जाएगा। जिसमें जिला के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। धरना स्थल से सरकार से वन्य जीवन संरक्षण कानून में सरलीकरण करने की मांग की जाएगी। कहा कि अव्यवहारिक तरीके से लागू इस कानून के कारण बीन नदी पर पुल का निर्माण नहीं हो पा रहा है। कौड़िया–किमसार मोटर मार्ग भी पक्का नहीं बन पा रहा है। यही नहीं कानून के कारण चिल्लरखाल–लालढांग मोटर मार्ग व नीलकंठ-गरुड़चट्टी मार्ग भी नहीं बन पा रहा है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए सरकार को कानून में सरलीकरण करना चाहिए। इस मौके पर पुष्कर सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, जगदीपक रावत, प्रवेश चन्द्र नवानी, सत्य प्रकाश भारद्वाज, सत्यपाल सिंह नेगी, भारत मोहन काला, मेहरबान सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

शिविर का 1526 लोगों ने उठाया लाभ

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः दो दिवसीय ईएनटी स्वास्थ्य शिविर में लोगों की भीड़ लगी रही। शिविर में 1526 मरीजों ने लाभ उठया।

रविवार को दो दिवसीय ईएनटी स्वास्थ्य शिविर के अंतिम दिन हंस अस्पताल सतपुली में 346 और हंस क्लिनिक कोटद्वार में 417 मरीजों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। अस्पताल की सीनियर मैनेजर शालनी चौहान ने बताया कि शिविर में ईएनटी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डा. समीर टोपनो द्वारा सभी मरीजों की जांच की गयी। 218 चयनित सभी मरीजों का द हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल सतपुली में दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। इसके अलावा जांच कर 545 मरीजों को निशुल्क दवाइयां और उनकी खून की जांचें भी की गई।

शादियों के सीजन में बारात के आवागमन पर बाधा न बन जाएं राष्ट्रीय राजमार्ग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः शादियों का सीजन प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में पहाड़ से मैदान व मैदान से पहाड़ जाने वाली बारात के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग चुनौती बन सकता है। दरअसल, वर्तमान में बरसात के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े-बड़े बोल्डर आ रहे हैं। जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग कई घंटों तक बंद हो रहा है। ऐसे में बारात में शामिल होने के लिए आवागमन करने वाले लोगों को भी डर सता रहा है।

वर्षाकाल में शुरू हुए शादी के सीजन ने आयोजकों की चिंता बढ़ा दी है। कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य से होते हुए बारात को आवागमन करवाना एक चुनौती बन गई है। दरसल, एक सप्ताह पूर्व हुई पहली बारिश में ही राष्ट्रीय राजमार्ग ने अपना विकराल रुप दिखा दिया था। कोटद्वार से सात किलोमीटर दूर बरसाती रपटे के समीप पहाड़ी से आए भारी मलबे की चपेट में आने से एक मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक के ऊपर पहाड़ी से बड़ा बोल्डर गिर गया था। इस दुर्घटना में भी एक व्यक्ति असमय काल का ग्रास बन गया था। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग करीब दस घंटे बाधित रहा। कई लोगों ने वाहनों में ही रात बिताई। शनिवार को हुई मूसलधार बारिश के दौरान भी राष्ट्रीय राजमार्ग करीब छह घंटे बाधित रहा। इस दौरान चार सौ से अधिक वाहन कोटद्वार व दुगड्डा में फंस गए। ऐसे में वर्षाकाल में लगातार दगा दे रहा राष्ट्रीय राजमार्ग मैदान से पहाड़ व पहाड़ से मैदान को जाने वाली बारात के समक्ष भी चुनौती खड़ी कर सकता है।

बरसात के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते वाहन

ललन कुमार बुड़ाकोटी व सुरेंद्र लाल आर्य को मिला हिमाद्री रत्न

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः बेहतर समाज सेवा व साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए साहित्यिक संस्था साहित्यांचल की ओर से ललन कुमार बुड़ाकोटी व सुरेंद्र लाल आर्य को हिमद्री रत्न सम्मान दिया गया है। कार्यक्रम में डा.नंदकिशोर ढौंडियाल की पुस्तक ह्यउपेक्षिता श्रद्धांजलि काव्यह्न, शहीद संत वीर जसवंतह्न महाकाव्य, रक्षमाम् व अवेक (अंग्रेजी) कविता संग्रह का भी विमोचन किया गया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने साहित्य को समाज का दर्पण बताया। कहा कि साहित्यांचल साहित्य के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक व साहित्यांचल के संरक्षक डा.नंदकिशोर ढौंडियाल ह्यअरुणह्न ने कहा कि उन्होंने देशकाल परिस्थितियों के अनुरूप अपनी रचनाओं को आकार दिया है। इसमें आंचलिक गढ़वाली साहित्य और हिंदी साहित्य दोनों शामिल है। साहित्यांचल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी ने कहा कि उनकी संस्था पिछले पांच दशक से सतत रूप से साहित्यिक चेतना का संदेश देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस संस्था ने न केवल नवोदित साहित्यकारों को एक प्रभावी मंच दिया है, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाने और उनकी साहित्यिक विधा को तरासने में भी अतुलनीय कार्य किया है। इस अवसर पर सत्यप्रकाश थपलियाल, चक्रधर शर्मा कमलेश, पूरन सिंह रावत, योगेश पांथरी, डा.पीसी जोशी, डा.ख्यात सिंह चौहान, डा.नागेंद्र ध्यानी, पीएल खंतवाल, मनोरमा ढौंडियाल, शशिप्रभा रावत मौजूद रहे।

आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि

पौधा रोपण कर संरक्षण का दिया संदेश

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति की ओर से क्षेत्र में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने आमजन से भी पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आने की अपील की। वन विभाग के साथ मिलकर समिति के सदस्यों ने क्षेत्र में बेल, जामुन, अमरूद, आंवला सहित अन्य पौधों का रोपण किया। वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र कुमार नेगी, ग्राम प्रधान सीमा देवी व मुख्य अतिथि अशोक नेगी, दिनेश चंद्र घिल्डियाल ने आमजन को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया। कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। उमानंद बड़ोला ने आमजन से अधिक से अधिक पौधा रोपण करने की अपील की। कहा कि हमें पौधों का रोपण करने के साथ ही उनके संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर अखिलेश चंदोला, रजनी देवी, धर्मेंद्र कुमार, सुनील नेगी, प्रकाश चंद्र, प्रताप सिंह, सीमा देवी, राजेश्वरी देवी, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए बद्रीनाथ में 105 बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के तहत 10 जुलाई को मतदान होगा। पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर बद्रीनाथ विधानसभा के 105 मतदेय स्थल से वेबकास्टिंग की जाएगी। रविवार को वेबकास्टिंग कार्मिकों की टीम को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से जरूरी उपकरणों एवं सामग्री के साथ मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया गया। वेबकास्टिंग के नोडल अधिकारी हेमंत मौर्य ने बताया कि रविवार को ही सभी टीमें अपने मतदेय स्थलों पर पहुंच जाएंगी और आज ही वेबकास्टिंग का ट्रायल भी किया जाएगा।

कंट्रोल रूम से इन सभी बूथों पर नजर रखी जाएगी। मतदान दिवस पर इन बूथों पर ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया को देखा जा सकता है।

वन मंत्री ने किया रुद्रप्रयाग में पौधरोपण

रुद्रप्रयाग। प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल रविवार को एक दिवसीय भ्रमण पर रुद्रप्रयाग पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने वन महोत्सव, हरेला एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की समीक्षा की।

वन मंत्री द्वारा जनपद में एक पेड़ मां के नाम की शुरुआत करते हुए पुलिस लाइन रतूड़ा एवं शिवनंदी ग्राम में वन महोत्सव कार्यक्रम को लेकर पौधरोपण किया।वन मंत्री सुबोध उनियाल ने पौधरोपण कार्यक्रम में जनपद के सभी विभागों को वन विभाग के सहयोग से इस पौधरोपण काल में अपने–अपने विभागों की वाटिका विकसित करने को कहा। इसके अलावा प्रत्येक विद्यालय प्रागण में खाली स्थानों पर इको क्लब बनाकर पेड़ लगाने एवं उनकी रक्षा करने को भी कहा। जनपद में हरेला कार्यक्रमों के दौरान 50 प्रतिशत फलदार पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। पौधरोपण एवं संरक्षण कार्यक्रमों में वन पंचायत एवं स्थानीय लोगों की भागीदारिता अधिक से अधिक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग देवेन्द्र सिंह पुण्डीर, वन क्षेत्राधिकारी संजय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

पौधा रोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः कोचियार में अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग द्वारा रविवार को वन महोत्सव के दौरान पौधरोपण किया गया। ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल और क्षेत्रीय वनाधिकारी कृष्ण सिंह मेहरा द्वारा कोचियार मंदिर परिसर में आंवला, तेजपाल, बांज आदि प्रजाति के पौधों का पौधरोपण कर पांच हेक्टेयर क्षेत्र में पौधे लगाए। वन क्षेत्राधिकारी कृष्ण सिंह मेहरा द्वारा वन पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी देते हुए ग्रामीणों से पौधों की सुरक्षा में सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस मौके पर कोचियार ग्राम प्रधान मंजू देवी, विभागीय कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

बाढ़ से बचाव को गंभीरता दिखाएं अधिकारी

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने ली अधिकारियों की बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अधिकारियों को बाढ़ से बचाव को लेकर गंभीरता दिखाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि नदियों के आसपास रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के साथ ही उन्हें हर संभव मदद भी उपलब्ध करवाएं। अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को विधानसभा अध्यक्ष ने निंबूचौड़ स्थित अपने आवास में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल के दौरान होने वाले नुकसान से बचाव के लिए हमें गंभीरता से कार्य करना होगा। सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव का कार्य करें। कहा कि भारी वर्षा को देखते हुए नदियों के आसपास रहने वाले लोगों के लिए अन्यत्र रहने की व्यवस्था बनाएं। पुल व पुलिया को बचाने के लिए भी योजनाएं तैयार करें। क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। विस अध्यक्ष ने जनता से भी धैर्य बनाए रखने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अधिकारियों से संपर्क करें। विस अध्यक्ष ने नगर निगम को डेंगू व मलेरिया को लेकर भी सावधान रहने के निर्देश दिए कहा कि गली व वार्डों में लगातार दवा का छिड़काव करते रहें। बैठक में उन्होंने लोकनिर्माण विभाग को मालन नदी में वैल्पिक मार्ग मरम्मत कार्य में तेजी लाने को भी कहा।

कोटद्वार में अधिकारियों की बैठक लेती विस अध्यक्ष

पर्यावरण मित्रों ने दी कार्यबहिष्कार की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः नगर निगम में तैनात पर्यावरण मित्रों की सेवा समाप्त करने व प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षकों को मूल पद पर भेजे जाने के विरोध में पर्यावरण मित्रों ने कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी है। कहा कि पूरी मेहनत व ईमानदारी के साथ कार्य करने के बाद भी उनकी अनदेखी की जा रही है।

इस संबंध में सफाई कर्मचारी यूनियन ने नगर आयुक्त को भी पत्र दिया। कहा कि पर्यावरण मित्र पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे है। चालीस वार्डों के लिए पर्याप्त पर्यावरण मित्र नहीं होने के बाद भी वह सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह घाघट ने बताया कि नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर निगम में कार्यरत .85 पर्यावरण मित्रों की सेवा समाप्ति का निर्णय लिया जाना पूरी तरह से गलत एवं अन्यायपूर्ण है। कहा कि पर्यावरण मित्र कठिन परिस्थियों में भी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे है। शहर में लगातार सफाई का कार्य किया जा रहा है। कहा कि सफाई कर्मचारी यूनियन 11 प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षकों को भी अपने मूल पदों पर भेजे जाने का भी विरोध करता है। कहा कि यूनियन के माध्यम से नगर आयुक्त को ज्ञापन दे दिया है, जिसमें सोमवार को वार्ता की बात कही गई है, यदि नगर आयुक्त के साथ वार्ता विफल रही तो पर्यावरण मित्र अनिश्चितकालीन कार्यवहिष्कार करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

समस्या के संबंध में नगर आयुक्त को ज्ञापन देते पर्यावरण मित्र

तीस घंटे बाद खुला बदरीनाथ राजमार्ग

नई टिहरी। ऋषिकेश–श्रीनगर हाईवे रविवार को तीस घंटे बाद यातायात के लिए पूरी तरह से खुल गया। बीते शनिवार भारी बारिश से राजमार्ग कई स्थानों पर बाधित हो गया था। राजमार्ग खुलने से श्रीनगर और ऋषिकेश से वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो गई। एनएच द्वारा रविवार सुबह 10 बजे तक जेसीबी के जरिये तोताघाटी में आये मलबे को हटाया जा सका। जिसके बाद यहां वाहनों की ऋषिकेश तक आवाजाही पूरी तरह शुरू हो पाई। वहीं देवप्रयाग ऋषिकेश के बीच फंसे भारी वाहन भी तीस घंटे बाद आगे बढ़ पाए। ऋषिकेश से सुबह चलने वाली नियमित बस सेवाएं भी रविवार को इस रूट से नही निकली।

मुख्यमंत्री ने उपचुनाव के लिए तपोवन एवं उर्गम में वोट मांगे

चमोली। जोशीमठ पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को तपोवन और उर्गम में जनसभा कर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे।

मुख्यमंत्री ने केन्द्र की मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में शुरू की गई कई जनपक्षीय योजनाओं को बताते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में कभी भी इस प्रकार की योजनाएं नहीं बनी। कहा कि कांग्रेस छोड़कर राजेन्द्र भंडारी ने बदरीनाथ के विकास के लिए भाजपा का दामन थामा है इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए जनता को उन्हें वोट अवश्य देने चाहिए। धामी ने कहा कि भंडारी ने कांग्रेस में रहते हुए क्षेत्र के विकास के लिए जो कार्य किए हैं उन्हें बताने की आवश्यकता नहीं है सभी जानते हैं।

उन्होंने क्षेत्र को विकास की धारा में आगे बढ़ाने के लिए भंडारी को वोट देने की अपील की। धामी ने अपनी सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून, नकल विरोधी कानून, बदरीनाथ–केदारनाथ में पुर्ननिर्माण के कार्य उनकी सरकार की देखरेख में हो रहे हैं। जल्द उनकी सरकार कैबिनेट में आयुष्मान योजना में लोगों को और अधिक एवं सरलता से लाभ मिल सके इसका प्रस्ताव लाने वाली है।

एक नजर

बड़कोट में पेयजल संकट को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी

उत्तरकाशी। नगरपालिका बड़कोट में पेयजल संकट को लेकर हिन्दू जागृति संगठन के अध्यक्ष स्वामी केशवगिरी दूसरे दिन भी भूख हड़ताल पर डटे रहे। बड़कोट तहसील परिसर में पेयजल समेत चार सूत्रीय मांगों के निस्तारण के लिए स्थानीय लोगों का आंदोलन एक माह से ज्यादा समय से जारी है। नगरवासियों का कहना है कि जब तक पेयजल पम्पिंग योजना की स्वीकृति नही मिल जाती तब तक भूख हड़ताल व अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। आंदोलनकारियों का कहना है कि यमुना नदी से पेयजल पम्पिंग योजना एक मात्र उपाय है। धरने पर सोबेन्द्र सिंह चौहान, विजय सिंह रावत भक्त, केदार सिंह बर्तवाल, जय हो ग्रुप संयोजक सुनील थपलियाल, सहकारी समिति अध्यक्ष अजय सिंह रावत, पूर्ण सिंह रावत, बाबा भोलेनाथ, नरोत्तम दत्त आदि थे।

बिरजा इंटर कालेज में स्मार्ट क्लास शुरू

उत्तरकाशी। बिरजा इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ के छात्र अब डिजिटल तकनीक के बोर्ड और टीवी के माध्यम से शिक्षा गृहण कर सकेंगे। यहां शिक्षक अब व्हाइट बोर्ड और ब्लैक बोर्ड में मारकर और चौक से नहीं डिजिटल बोर्ड से इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं को शिक्षण कार्य कराएंगे। इसके लिए बिरजा इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ ने डिजिटल बोर्ड और टीवी युक्त स्मार्ट क्लास शुरू कर दी है।

नगर पालिका चिन्यालीसौड़ के बिरजा इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रेंज अधिकारी धरासू जगमोहन सिंह गंगाडी ने विद्यालय में ज्ञानदान फाउंडेशन सम्पूर्ण शिक्षा द्वारा शुरू किए गए स्मार्ट क्लास और डिजिटल बोर्ड का विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया। मौके पर प्रधानाचार्य शंकर दत्त घिल्डियाल, कार्यक्रम में वन दरोगा विक्रम सिंह बिष्ट, राजेंद्र थपलियाल, अमित पंवार कुणाल, सुना कृष्ण सकलानी ,जुगल बडोनी आदि मौजूद थे।

सुरक्षित भवनों में चलायें कक्षायें – डीएम

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने सीईओ को जिले के सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर सुरक्षित भवनों में ही कक्षाओं का संचालन कराने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने नौगांव में एक विद्यालय भवन की छत का प्लास्टर टूटने की शिकायत तथा क्षतिग्रस्त स्कूल भवन में कक्षाएं संचालित करने ती सूचना पर शनिवार को मुख्य शिक्षा अधिकारी एनएस बिष्ट को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वर्षाकाल को देखते हुए अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से जिले के सभी विद्यालय भवनों की स्थिति का निरीक्षण कराकर उनके सुरक्षित होने की पड़ताल कराएं। डीएम ने कहा कि क्षतिग्रस्त व जीर्ण–शीर्ण भवनों में कक्षाओं का संचालन कतई न किया जाय और छात्रों को खतरे की संभावना वाले भवनों व क्षेत्रों से दूर रखा जाय। इस बारे में सभी विद्यालयों के प्रमुखों को भी स्पष्ट निर्देश जारी कर अवगत करा दें कि छात्रों की सुरक्षा से बिल्कुल भी समझौता न कर सुरक्षित भवनों में ही कक्षाओं का संचालन किया जाय।

होटल–ढाबों पर शराब पिलाई तो होगी कार्रवाई

उत्तरकाशी। थाना धरासू के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार ने शनिवार को व्यापार मण्डल चिन्यालीसौड, नागणी, पीपलमण्डी, बडेथी और सुलीढांग के व्यापारियों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

मौके पर उन्होंने सख्त हिदायत दी कि होटल और ढाबों में शराब न पिलाई जाए। अन्यथा कड़ी कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। शनिवार को थाना धरासू में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार ने चिन्यालीसौड, नागणी, पीपलमण्डी, बडेथी और सुलीढांग के व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी व्यापारियों को नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी और उनका अनुपालन करने की बात कही।

इस दौरान स्थानीय व्यापारियों ने चिन्यालीसौड़ से लापता चल रही कविता कुकरेती पत्नी हरिहर के तलाश एवं बरामदगी की मांग की। जिस पर प्रभारी निरीक्षक ने अब तक किये गये प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी दी और गुमशुदा की तलाश एवं बरामदगी में सहयोग की बात कही। कहा कि जल्द ही लापता विवाहिता का पता लगा दिया जायेगा। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा नौटियाल, विजय थपलियाल, विजेन्द्र कोहली, राकेश मेहरा, पूरण सिंह बिष्ट, अमित सकलानी, सुभाष नौटियाल, यशवन्त बिष्ट आदि मौजूद रहे।

स्थानांतरण में अधिनियम का पालन न होने पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग। स्थानांतरण अधिनियम के अनुरूप शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए शिक्षकों ने विकास भवन में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि अधिकारी स्थानांतरण अधिनियम का पालन नहीं कर रहे हैं। यदि ऐसा ही रहा तो वे न्यायालय की शरण में जाने को मजबूर होंगे। रविवार को विकास भवन में आयोजित स्थानांतरण काउंसलिंग में बड़ी संख्या में प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक पहुंचे। मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में कई अधिकारियों द्वारा काउंसलिंग ली जा रही थी कि इसी बीच शिक्षकों ने स्थानांतरण का अधिनियम के तहत उचित लाभ नहीं दिए जाने पर आपत्ति जताई। साथ ही विरोध करने लगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह झिंक्वाण ने कहा कि कर्मचारी–शिक्षकों की मांग पर सरकार ने स्थानांतरण अधिनियम बनाया किंतु अब अधिकारी इसका सही रूप से पालन नहीं कर पा रहे हैं। जिन्होंने आवेदन किया है उन्हें अधिनियम के तहत उचित लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि जबरन लिखवाया जा रहा है। अपने विकासखंड का विद्यालय भी नहीं दिया जा रहा है और जबरन दूसरे विकासखंड का विद्यालय लिखवाया जा रहा है।

नाग देवता की नव निर्मित पालकी पर साढ़े चार तोला सोने का छत्र चढ़ाया

विकासनगर। कालसी ब्लॉक के खत शिलगांव के सुरेऊगांव में रविवार को नाग देवता का भव्य जागड़ा धूमधाम से हुआ। गांव की बेटियों ने देवता को साढ़े चार तोले का सोने का छत्र भेंट किया। जौनसार बावर के इस गांव में नाग देवता की पूजा की जाती है। लिहाजा सुरेऊ गांव के ग्रामीण सांप दिखने पर उसे मारते नहीं हैं, बल्कि उसे हाथ जोड़कर जाने देते हैं। खत शिलगांव के नगाया थात में प्राचीन नाग देवता की देवठी (छोटा मंदिर) भी है, जहां प्रति वर्ष बिस्सू पर्व मनाया जाता है। वर्षों पहले सुरेऊके ग्रामीणों ने अपने गांव में नाग देवता मंदिर तैयार किया। लंबे समय के बाद ग्रामीणों ने नाग देवता की देव पालकी बनाने का निर्णय लिया। इसके बाद नई देव पालकी बनाकर तैयार करवाई गई है। पुरोहित सियाराम शर्मा और मुकेश शर्मा के अनुसार रविवार को पालकी को विधि–विधान से हरिपुर यमुना घाट पर शाही स्नान करवाया गया।

बारिश से जौनसार के 26 मोटर मार्गों पर ठप रहा यातायात

विकासनगर। रोजाना हो रही बारिश अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगी है। शनिवार देर शाम से रात तक हुई बारिश के बाद क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाले चकराता–कालसी मोटर मार्ग समेत 26 सड़कों पर यातायात बाधित रहा। जबकि इंद्रोली–कन्धाड मार्ग तीन जगह से क्षतिग्रस्त होने की सूचना है।

सड़कों के बंद हो जाने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि लोक निर्माण विभाग मुस्तैदी से मार्ग खुलवाने में जुटा हुआ है। लेकिन लगातार बारिश की स्थिति बनी होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बारिश के चलते जौनसार बावर के दोनों ब्लॉक में लोक निर्माण विभाग साहिया के अंतर्गत आने वाला कालसी–चकराता मोटर मार्ग, चापनु, जजरेड़, असनाड़ी और जोहड़ी के पास बंद रहा। शनिवार देर रात बंद हुए मार्ग पर रविवार सुबह सात बजे यातायात सुचारु हो पाया। साथ ही साहिया क्षेत्र के कालसी–बैराटखाई मोटर मार्ग, बोडी ढांग–मरनावा, काहा–नेहरा–पुनाह मोटर मार्ग, शहीद सुरेश तोमर गास्की मोटर मार्ग, बिजऊ-कोफ्टी, दातनू–बडनू मोटर मार्ग, शंभू की चौकी–पंजिया–बनसार मोटर मार्ग, समरजैंस मोटर मार्ग, रानी गांव मोटर मार्ग, दौधा संपर्क मार्ग दो जगह, बडनू–गढैता–बसाया मोटर मार्ग, बिजऊ–कुईथा, कुईथा–खतार मोटर मार्ग तीन जगह, एमडीआर मोटर मार्ग, लोक निर्माण विभाग चकराता के अंतर्गत आने वाला बिरमऊ मोटर मार्ग तीन जगह, चकराता–लाखामंडल मोटर मार्ग दो जगह, माख्टी पोखरी–ककनोई मोटर मार्ग तीन जगह, लावड़ी–दतरौटा मोटर मार्ग दो जगह बंद रहा।

वोट फॉर ओपीएस अभियान चलाएगा एनएमओपीएस

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन की बैठक में तय हुआ कि वोट फॉर ओपीएस अभियान को तेज किया जाएगा। प्रदेश भर में कर्मचारियों को संगठित करते हुए संगठन को एक्टिव किया जाएगा। ब्लॉक से लेकर जिला कार्यकारिणियों का पुनर्गठन किया जाएगा। एनएमओपीएस की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को मजबूती प्रदान करने को आने वाले समय में जागरूकता अभियान के साथ साथ सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। वोट फॉर ओपीएस अभियान से कर्मचारियों के साथ उनके परिजनों और सामाजिक संगठनों को भी जोड़ा जाएगा। सभी जिला कार्यकारिणी अपने अपने क्षेत्र के विधायकों, सांसदों को पुरानी पेंशन बहाल करने को ज्ञापन देंगे। कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के सम्मान और नौजवानों के भविष्य की लड़ाई है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस मुहिम में जनता को भी जोड़ते हुए जागरुक किया जाएगा। पुरानी पेंशन मध्यम वर्गीय परिवारों की रीढ़ की हड्डी है। जनता को साथ जोड़ कर दबाव बनाया जाएगा। महामंत्री मुकेश रतूड़ी ने कहा कि सभी जिला कार्यकारिणी अपने जिलों के सभी ब्लाकों में ब्लाक कार्यकारिणी का पुनर्गठन करेंगी। सभी जिलों में प्रत्येक विभाग का संयोजक नियुक्त किया जाएगा। सभी विभागों में समन्वय बनाए जाएंगे। सभी जिलों एवं ब्लाक में महिला विंग कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके लिए प्रांतीय महिला विंग अध्यक्ष उर्मिला द्विवेदी को अधिकृत किया गया।

बाजपुर में लगातार बारिश से जलभराव, कच्चा घर गिरा

काशीपुर। शनिवार की रात से हो रही बारिश के बाद रविवार को जगह–जगह जलभराव हो गया। बन्नाखेड़ा बैंतखेड़ी में एक कच्चा घर गिर गया। इसमें एक महिला के सिर में चोर लगी है। हल्द्वानी रोड बाजपुर ब्लॉक कार्यालय के सामने मुख्य सड़क भी जलमग्न हो गई है। यहां बारिश का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों से निकलकर नालों से होता हुआ से सड़क पर आ गया।

उचित निकासी नहीं होने के कारण ये पानी मोहल्ला राजीव नगर और हल्द्वानी रोड से निकलने वाले लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। लोगों का कहना है अच्छी बात ये है की अभी तक लेवढ़ा नदी ओवरफ्लो नहीं हुई है। इस कारण लोगों को ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा है। वहीं मोहल्ला बांकेनगर, केशव नगरी, संजय कालोनी, चकरपुर आदि अनेक जगह जलभराव हो गया।

विश्व कल्याण और खुशहाली के लिए निकाली जल कलश यात्रा

रुद्रप्रयाग। ऊखीमठ के चुन्नी गांव में नव निर्मित शिव मन्दिर में आयोजित तीन दिवसीय सरलीकरण यज्ञ और शिव लिंग स्थापना के दूसरे दिन रविवार को जल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और क्षेत्र की खुशहाली व विश्व समृद्धि की कामना। रविवार को बड़ी संख्या में शिव भक्त बम बम भोले, हर हर गंगे के उद्घोषों के साथ करीब डेढ़ किमी दूर कुण्ड–चोपता राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राकृतिक जल स्त्रोत में पहुंचे। जहां पर वेदपाठी यशोधर मैठाणी ने 111 जल कलशो की विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद 111 जल कलशों से सजी यात्रा निकली गई। महिलाओं के धार्मिक भजनों और सैकड़ों श्रद्धालुओं की जयकारों से सम्पूर्ण भूभाग गुजायमान हो उठा। जल कलश यात्रा के आगमन पर श्रद्धालुओं ने पुष्प अक्षतों से भव्य स्वागत किया। सरलीकरण यज्ञ में शामिल विद्वान आचार्य घनानन्द मैठाणी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों में निकलने वाली जल कलश यात्रा में जो मनुष्य प्रतिभाग करते हैं उनके जन्म जनमान्तरों के पापों का हरण होता है। पण्डित अमर देव मैठाणी ने कहा कि आषाढ़ के गुप्त नवरात्रों में धार्मिक अनुष्ठानों का हजार गुणा पुण्य मिलता है। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रीता पुष्वाण, पण्डित रमेश चन्द्र सेमवाल, बचन सिंह रावत, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, महिला मंगल दल अध्यक्ष प्रर्मिला रावत, वर्मानन्द तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी, बीरेन्द्र रावत, संजय तिवारी इन्द्र सिंह बर्त्वाल, नरेन्द्र रावत,प्रेम सिंह रावत, धर्मेन्द्र तिवारी, दिनेश जमलोकी, कर्मवीर बर्त्वाल, अक्षय पुष्वाण, प्रकाश शुक्ला, अनूप

जूहा शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगवीर और मंत्री उम्मेद बने

नई टिहरी। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अधिवेशन में रविवार को संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जगवीर सिंह खरोला लगातार तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं उम्मेद सिंह नेगी मंत्री चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ लेते हुए शिक्षकों की समस्याओं के लिए शासन–प्रशासन स्तर पर संघर्ष करने का ऐलान किया।बौराड़ी में एक होटल में आयोजित जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अधिवेशन में शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान चुनाव अधिकारी तस्लीम कुरैशी के देखरेख में नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

अध्यक्ष पद पर जगवीर सिंह खरोला ने मुनेंद्र राणा को 349 मतों से हराया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शेर सिंह पंवार ने अखिलेश उनियाल, मंत्री पद पर उम्मेद सिंह नेगी ने अनिल देशमुख, कोषाध्यक्ष पद पर सुधा उनियाल ने वीर सिंह कोहली, वरिष्ठ संयुक्त मंत्री पद पर श्याम लाल आर्य ने सुनील नौटियाल को हराकर जीत दर्ज की। नवनिर्वाचि पदाधिकारियों को डीईओ बेसिक वीके ढौंडियाल, डीसीडीएफ के पूर्व अध्यक्ष अनुसूया नौटियाल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष खरोला, मंत्री नेगी ने सरकार से स्थानांतरण पॉलिसी ठीक करने, प्रमोशन, अनिर्वाय ट्रांसफर की काउंसलिंग पारदर्शी करने, प्रतापनगर, भिलंगना सहित अन्य ब्लॉकों में रिक्त पदों पर नियुक्ति कक्षा 1 से 8 कक्षा का एक निदेशालय बनाने, जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों का राज्य स्तरीय कैडर बनाने, कार्यकाल में तीन पदोन्नति देने, इस संवर्ग के शिक्षकों को हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नत करने, गोल्डन कार्ड को ओपीडी से संचालित करने, वेतन विसंगति दूर करने और कनिष्ठ व वरिष्ठ के मुद्दों का निस्तारण करने की मांग की।

उपचुनाव में दोनों सीटों पर भाजपा लहराएगी परचम :जोशी

श्रीनगर गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में पोखरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत रानो में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने रविवार को आयोजित सभा में विभिन्न महिला संगठन की महिलाओं और पूर्व सैनिकों को संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी के पक्ष में मतदान की अपील की। गणेश जोशी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फीड बैक भी लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं सरकार के कार्यों से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभालते ही कहा था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। कहा कि एक बेटी मजबूत होती है तो घर मजबूत होता है प्रदेश और देश मजबूत होता है।

यूकां और एनएसयूआई का एमडीडीए के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। बारिश के दौरान हरिद्वार रोड स्थित कोयल घाटी के पास डिवाइडर क्षतिग्रस्त होने पर रविवार को युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का गुस्सा एमडीडीए के खिलाफ फूट पड़ा।

कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी से मामले में संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।रविवार को युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार मार्ग पर कोयल घाटी के समीप टूटे डिवाइटर के समक्ष एमडीडीए के खिलाफ प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रजापति ने कहा कि ऋषिकेश में पूर्व में जी–20 के नाम पर करोड़ों रुपयों के खर्चे से कई कार्य किए गये। इन कार्यों में घटिया सामग्री प्रयोग होने के कारण यह सौन्दर्यीकरण कार्य धरातल पर नहीं दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर हरिद्वार मार्ग पर एमडीडीए द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से डिवाइडर का निर्माण करवाया जा रहा है, जो कि पहली बारिश में ही कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गयर है, जिसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों और विभागीय मंत्री को भी विभिन्न माध्यमों से की गई। बावजूद इसके इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गौरव राणा ने कहा कि हरिद्वार मार्ग पर हाल ही में बनाया गया, डिवाइडर पहली बारिश में टूट गया। इससे साफ स्पष्ट होता है कि डिवाइडर निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। उन्होंने आंदोलन की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री से संबंधित ठेकेदार और संबंधित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

वर्षा से प्रभावित हुआ रोडवेज बसों का संचालन

काशीपुर। लगातार हो रही बारिश का असर रोडवेज बसों के संचालन पर भी पड़ रहा है। रामनगर से अल्मोड़ा को जोड़ने वाला पुल गिरने से रविवार को दिल्ली जाने वाली बसों को यात्री नहीं मिल पाए। इस कारण कई बसों का नंबर काटना पड़ा। काशीपुर में सर्विस रोड की स्लैब नाले में गिर जाने से रास्ता बंद हो गया। इससे बसों को डिपो से निकालने में दिक्कतें आ रही हैं। काशीपुर डिपो के प्रभारी हरेंद्र नितवाल ने बताया कि रामनगर से आगे पुल गिरने के कारण दिल्ली, चंडीगढ़ जाने वाले यात्री रामनगर नहीं पहुंच पाए। इस कारण दिल्ली रूट पर कई बसों को रोक देना करना पड़ा। रोजाना दिल्ली के लिए 12 बसें जाती थीं, लेकिन रविवार को सिर्फ सात बसें ही जा सकीं। वहीं रोडवेज डिपो के सामने बने आरओबी की सर्विस रोड का ढक्कन विकास सिनेमा के पास नाले में गिर गया। इससे एक सड़क की एक साइड यातायात बुरी तरह से बंद हो गई। यहां एक विशाल गड्ढा हो जाने के कारण रोड की एक साइड डिपो की बसों के लिए बंद हो गई है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि बस नहीं निकल पा रही हैं।

नवीन बटुकों को यज्ञोपवीत धारण करवाया

ऋषिकेश। श्री मुनीश्वर वेदांग संस्कृत महाविद्यालय में रविवार को यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नवागंतुक आठ छात्रों का उपनयन संस्कार किया गया।रविवार को त्रिवेणी घाट पर श्री मुनीश्वर वेदांग संस्कृत महाविद्यालय द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के नवीन छात्रों ने दशविधि स्नान किया। उसके बाद श्री जनार्दन आश्रम दंदिवाडा माया कुंड में डंडी स्वामी विज्ञानानंद तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में विधि विधान से यज्ञ, पूजन के पश्चात नव बटुकों को यज्ञोपवीत धारण करवाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. जनार्दन प्रसाद कैरवान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव प्रवेश करने वाले छात्रों का उपनयन संस्कार संपन्न करवाया गया। शास्त्रों के अनुसार गुरुकुल में वेदाध्यान से पहले यज्ञोपवीत संस्कार यानी उपनयन संस्कार किया जाता है।

नागरिक मंच के छठी बार अध्यक्ष बने सुंदर लाल उनियाल

नई टिहरी। नागरिक मंच नई टिहरी का द्विवार्षिक सम्मेलन रविवार को सामुदायिक मिलन केंद्र में विधिवत संपन्न हुआ। इस मौके पर मंच की कार्यकारिणी का चुनाव भी चुनाव अधिकारी कर्म सिंह तोपवाल और अब्दुल अतीक की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक चंडी प्रसाद डबराल व कमल सिंह महर निर्वाचित हुए। जबकि छठी बार अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल को चुना गया। उपाध्यक्ष चतर सिंह चौहान और भगवान चंद रमोला और दूसरी बार मंत्री जगत सिंह नेगी बने। उपमंत्री त्रिलोक चंद रमोला, कोषाध्यक्ष नरोत्तम दत्त जखमोला, प्रचार मंत्री किशोरी लाल चमोली व पीतांबर दत्त नौटियाल व संप्रेक्षक राजेंद्र असवाल चुने गये। निर्वाचित अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि नागरिक मंच आम लोगों की समस्याओं को लेकर निरंतर तत्पर रहेगा। शहर में होने वाली विकास कार्यों व जनसुविधाओं को लेकर निरंतर मुखर रहेगा। इस मौके पर डा. यूएस नेगी, प्रीती चौहान, उम्मेद सिंह रावत, डा. राकेश भूषण गोदियाल, भूपेंद्र चौहान, भरत सिंह रावत, हरि प्रसाद, भगवान देई, बीपी बधानी, इकबाल, राजपाल, गोविंद पुंडीर, नजाकल अली आदि मौजूद रहे।

देवता का भव्य मंदिर तैयार, प्राण प्रतिष्ठा आज

विकासनगर। जौनसार के खत सिली गोथान से जुड़े बसाया के ग्रामीणों ने 13 साल की कड़ी मेहनत और परिश्रम के बाद महासू देवता और बत्तेश्वर नाग देवता के नए मंदिर का निर्माण किया है। बताया जा रहा है कि मंदिर निर्माण में करीब एक करोड़ की लागत आई है। स्थानीय लोगों ने स्वयं के संसाधनों से श्रमदान कर देवता का भव्य मंदिर बनाया है। इसकी प्राण प्रतिष्ठा आठ जुलाई को विधि विधान से की जाएगी। जनजाति क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में देवताओं के अनेक मंदिर है। स्थानीय लोगों में महासू देवता के प्रति अटूट आस्था और विश्वास है। देव आस्था के चलते सिली गोथान खत के बसाया निवासी 24 ग्रामीण परिवारों ने वर्ष 2011 में महासू देवता के नए मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने मिलकर खुद के संसाधनों से श्रमदान कर 13 साल की कड़ी मेहनत के बाद देवता का भव्य मंदिर बनाया है। वास्तु कला के हिसाब से देवदार की लकड़ी पर उकेरी गई सुंदर नक्काशी से मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है। मंदिर निर्माण में खर्च हुई रकम को ग्रामीण परिवारों और नौकरीपेशा लोगों ने आपस में चंदा एकत्र कर जुटाया है। देवता का नया मंदिर बनने के बाद इन दिनों प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान चल रहा है। मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष एवं स्याणा टीकम सिंह ने बताया कि पांच जुलाई को चांदी से निर्मित देवता का नया डोरिया और छड़ी का महासू धाम हनोल में शाही स्नान कराया गया। सात जुलाई को बत्तेश्वर महाराज की देव पालकी को शाही स्नान के लिए जमुना कृष्ण धाम हरिपुर–कालसी ले जाया गया। आठ जुलाई को हनोल मंदिर और जमुना कृष्ण धाम से देवता का डोरिया, छड़ी एवं देव पालकी के नए मंदिर में पहुंचने पर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के पारंपरिक शिल्पकारों एवं कारीगरों को लाभान्वित करने के दिये निर्देश

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने रविवार को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के पारंपरिक शिल्पकारों एवं कारीगरों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का सत्यापन कराने के बाद ही जिला क्रिय्रान्वयन समिति के स्तर से अनुमोदन करें। रविवार को पारंपरिक शिल्पकारों एवं कारीगरों की सहायता के लिए संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के लिए बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम बिष्ट ने कहा कि पारंपरिक रूप से स्थानीय शिल्प विधा एवं दस्तकारी से जुड़े पात्र लोगों को इस योजना का लाभ पहुंचाएं।

भारत सरकार के निर्देशानुसार इस योजना में एक परिवार से एक ही व्यक्ति को लाभान्वित करने के साथ ही इस योजना में छूटी हुई ग्राम पंचायतों को दो दिनों के भीतर ऑन–बोर्ड कर दें। इस योजना में आवेदकों की पात्रता का सत्यापन कराने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों के स्तर पर संबंधित विभागों के कार्मिकों की समिति बनाई जाय और आवेदकों से शपथ पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था भी की जाय। बैठक में बताया गया कि जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18578 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। जिनमें से ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों के स्तर से 6472 आवेदन पत्रों का अग्रसारित किया गया है और जिला स्तर से 790 आवेदन पत्र संस्तुत किए जा चुके हैं। इस योजना में इस वित्तीय वर्ष के लिए 900 लोगों को लाभन्वित करने का लक्ष्य निर्धारित है। गत वर्ष योजना में 782 आवेदन पत्रों को भारत सरकार के स्तर से स्वीकृत किया गया था।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338